डेली आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़
» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 14 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :142 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

भाजपा इमरजेंसी लगाकर शासन नहीं कर सकती

ये कांग्रेस की संस्कृति है, जेन-जी आंदोलन से जुड़े सवाल पर बोले अमित शाह

डेली आवाज भारती

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और संवैधानिक पद पर रहते हुए 25 साल पूरे होने पर भाजपा पूरे देश में %सेवा संकल्प अभियान% शुरू कर रही है। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान गृह मंत्री ने जेन जी आंदोलन से जुड़े सवाल का जवाब भी दिया। जेन जी आंदोलन पर अमित शाह ने कहा कि हम लोकतंत्र में हैं और कई विषयों पर लोगों का अपना मत होता है, जिसे व्यक्त करना भी जरूरी है। भाजपा की सरकार इमरजेंसी लगाकर शासन नहीं कर सकती। यह कांग्रेस की संस्कृति है, लेकिन हमारी नहीं। हम बातचीत करते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान %सेवा संकल्प अभियान% के बारे में अमित शाह ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। पहले गुजरात में और बाद में देशभर में भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तथा कई स्थानों पर एक सप्ताह तक सेवा सप्ताह के रूप में उनका जन्मदिन मनाया जाता था, लेकिन इस वर्ष इसका एक विशेष उद्देश्य है। लंबी संगठनात्मक प्रक्रिया के बाद 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं और उनका कार्यकाल अभी जारी है। इस देश में बहुत कम नेता ऐसे हुए हैं, जिन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार जनसेवा का ऐसा रिकॉर्ड बनाया हो।

गृह मंत्री ने कहा कि एनडीए और भाजपा के सभी सहयोगियों ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक यानी एक महीने के लिए %सेवा संकल्प अभियान% चलाने का फैसला किया है। यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा और इसमें देश की हर प्रशासनिक इकाई यानी प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को शामिल किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से हम हर जिले, हर लोकसभा क्षेत्र, हर विधानसभा क्षेत्र और हर बूथ तक लोगों से संपर्क करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यह सेवा संकल्प अभियान पूरे राष्ट्र में चलाया जाएगा। राष्ट्र की हर प्रशासनिक इकाई, यानी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसके कार्यक्रम आयोजित होंगे। हर जिले, लोकसभा क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र और बूथ स्तर तक इस अभियान के माध्यम से जनता तक पहुंचा जाएगा।

गृह मंत्री के अनुसार, इस अभियान के तहत सेवा दिवस, मेरे सपनों का भारत चित्र, नमो सेवा की अनकही कहानियां, संगीतमय नाट्य प्रस्तुति, आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग, सेवा फॉर इनोवेशन चैलेंज और सुशासन सेवा संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इंडोनेशिया के समंदर में 243 यात्रियों से भरा जहाज पलटा, 6 की मौत ; 130 अब भी लापता

तलाश में निकली रेस्क्यू टीम

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। इंडोनेशिया के जावा सागर में रविवार को 'वर्गो ट्रांसपोर्ट-8' नामक एक जहाज लापता हो गया। 243 लोगों को लेकर यह जहाज शनिवार सुबह सुराबाया से रवाना हुआ था, लेकिन यात्रा के दौरान अचानक इसका संपर्क टूट गया। इंडोनेशिया की खोज और बचाव एजेंसी (बसारनास) ने जहाज की तलाश में सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) टीम भेजी है। इंडोनेशिया की सरकारी और राष्ट्रीय समाचार एजेंसी अंतरा की रिपोर्ट के अनुसार, 'वर्गो ट्रांसपोर्ट-8' जहाज सुराबाया से बांजारमासिन जा रहा था। इस यात्रा के दौरान जावा सागर में जहाज का संपर्क अचानक टूट गया। जहाज अभी लापता है। जहाज में करीब 243 सवार हैं। बांजारमासिन क्लास-ए सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के प्रमुख और एसएआर मिशन कोऑर्डिनेटर आई पुतु सुदायाना ने रविवार सुबह बांजारमासिन, दक्षिण कालिमंतान में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जहाज का संपर्क लगभग सुबह 02~00 डब्ल्यूआईटीए बजे टूट गया। इससे पहले यात्रा के दौरान जहाज को खराब मौसम का सामना करना पड़ा था। अंतरा की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि जहाज की आखिरी लोकेशन बांजारमासिन के बसिरिह एसएआर जेट्टी से लगभग 80 समुद्री मील दूर मिली थी। बांजारमासिन क्लास-ए सर्च एंड रेस्क्यू कार्यालय को जहाज के संपर्क टूटने की सूचना सुबह 04~10 डब्ले ले यूआईटीए बजे मिली। यह सूचना पीटी वर्गो के जनरल मैनेजर योएल रिही ने दी थी। जानकारी के अनुसार, जहाज शनिवार को सुराबाया से 10~13 जीएमटी पर रवाना हुआ था, जिसके बाद यात्रा के दौरान उसका संपर्क टूट गया। तरा की रिपोर्ट के अनुसार, पुतु ने बताया कि 'वर्गो ट्रांसपोर्ट-8' जहाज के संपर्क टूटने की सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीम को उसकी आखिरी लोकेशन वाली जगह पर भेज दिया है। हम इस अर्भो यान में ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों और संसाधनों को लगा रहे हैं। जहाज में बड़ी संख्या में यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं। उनकी सुरक्षा ही अभियान की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

बांजारमासिन एसएआर कार्यालय अन्य सभी संबंधित एजेंसियों और संस्थाओं के साथ भी लगातार समन्वय कर रहा है, ताकि खोज अभियान को तेज किया जा सके और जहाज के सभी यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

केजरीवाल ने की गोवा में आम आदमी पार्टी और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के बीच गठबंधन की घोषणा

हमारा गठबंधन ''गोवा फर्स्ट'' कहलाएगा, जो भाजपा-कांग्रेस का मजबूत विकल्प बनेगा : केजरीवाल

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली/गोवा। कांग्रेस और भाजपा से बार-बार धोखा खा रही गोवा की जनता को रविवार को एक तीसरा मजबूत विकल्प ''गोवा फर्स्ट'' अलायंस के रूप में मिल गया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के प्रमुख विजय सरदेसाई की मौजूदगी में गोवा विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन की बड़ी घोषणा की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ''आप'' और जीएफपी का 'गोवा फर्स्ट' अलायंस गोवा में भाजपा और कांग्रेस का मजबूत विकल्प बनेगा। गणेश चतुर्थी पर हम गोवा की राजनीति में यह नई शुरूआत कर रहे हैं। गोवा में अगली सरकार 'गोवा फर्स्ट' अलायंस की बनेगी। तीसरा विकल्प नहीं होने के कारण भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर गोवा को बर्बाद कर किया। दो बार भाजपा और कांग्रेस से धोखा खा चुकी गोवा की जनता तीसरी बार धोखा खाने के मूड में नहीं है। रविवार को गोवा के अबोलिम हॉल में गोवा फॉरवर्ड पार्टी के विजय सरदेसाई के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कहा जाता है कि शुभ काम गणेश जी का नाम लेकर करना चाहिए। इसलिए गणेश चतुर्थी से अच्छा कोई और अवसर नहीं हो सकता था। आज हम गोवा में गोवा फॉरवर्ड पार्टी और आम आदमी पार्टी के गठबंधन की घोषणा कर रहे हैं, जिसका नाम गोवा फर्स्ट एलायंस है। यह गठबंधन बनाने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि पिछले कई सालों से गोवा के लोग देख रहे हैं कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। वे या तो कांग्रेस को वोट देकर जिताते हैं या भाजपा को वोट देते हैं और दोनों पार्टियों के बीच में एक गठबंधन चल रहा है। 2017 में लोगों ने भाजपा से परेशान होकर कांग्रेस को वोट दिया और कांग्रेस ने अपने विधायक बेचकर भाजपा की सरकार बनवा दी। 2022 में फिर से लोगों ने भाजपा के खिलाफ वोट दिया, लेकिन फिर से कांग्रेस ने भाजपा को आंकड़े दिए और भाजपा की सरकार बना दी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग दो बार धोखा खा चुके हैं और अब तीसरी बार धोखा खाने के मूड में नहीं हैं। लोगों को विकल्प चाहिए। एक तरफ कांग्रेस, तो दूसरी तरफ भाजपा लोगों को धोखा दे रही है। चुनाव के दौरान भाजपा वाले कांग्रेस को खूब गालियां देते हैं और उसके बाद उन्हीं कांग्रेस वालों को लेकर सरकार बना लेते हैं। आज भाजपा की सरकार है, लेकिन उसमें आधे से ज्यादा कांग्रेसी हैं। ये दोनों पार्टियां एक तरह से मिलकर धोखा दे रही हैं। अंदरखाने दोनों के बीच प्यार-मोहब्बत, सेटिंग और डील है। गोवा के लोग दुखी हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस सरकार की कोई विचारधारा नहीं है। यह न भाजपा की सरकार है और न कांग्रेस की सरकार है। यह केवल पैसे की सरकार है और माफिया राज है।

सांभर लेक, जयपुर ग्रामीण में थानाधिकारी 50,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

जयपुर। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर इकाई द्वारा आज कार्रवाई करते हुए राममिलन मीणा, पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी, पुलिस थाना सांभर लेक, जयपुर ग्रामीण को परिवादी से 50,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर इकाई को एक लिखित शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिताजी के नाम की फर्म को पीडब्ल्यूडी विभाग से प्राप्त सड़क निर्माण कार्य को थाना क्षेत्र में निर्बाध रूप से चालू रखने की एवज में राममिलन मीणा, पुलिस निरीक्षक द्वारा हर माह 20,000 रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। रिश्वत राशि नहीं देने पर परिवादी की निर्माण साइट पर लगे वाहनों एवं कर्मचारियों को थाने ले जाकर परेशान किया जा रहा था। जिस पर ओमप्रकाश मीणा, उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय के सुपरवीजन में भूपेन्द्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर के नेतृत्व में मनोज कुमार शर्मा, पुलिस निरीक्षक द्वारा रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी राममिलन मीणा द्वारा प्रत्येक माह 10,000 रुपये के हिसाब से कुल 50,000 रुपये रिश्वत राशि की मांग करना पाया गया। इस पर आज ट्रैप टीम के साथ ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी राममिलन मीणा पुत्र राधेश्याम मीणा को परिवादी से 50,000 रुपये रिश्वत राशि थानाधिकारी कक्ष में लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी की महानिरीक्षक पुलिस एस. परिमला के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा। किसी व्यक्ति के विरुद्ध एसीबी में प्रकरण (अभियोग, प्राथमिक जांच, आदि) दर्ज होने पर, ACB से सीधे संपर्क कर अपना पक्ष/स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जा सकता हैप्रस्तुत स्पष्टीकरण के ACB द्वारा विस्तृत विश्लेषण के उपरांत ही अनुसंधान में निर्णय लिया जाना ACB की कार्य प्रणाली का हिस्सा है

सरदार सुखबीर सिंह बादल ने वारिस पंजाब दे के गढ़ में दी चुनौती

पंजाबियों को आम आदमी पार्टी द्वारा समर्थित संगठन के खिलाफ चुनौती देते हुए बताया कि इनका मकसद पंथक वोटों को बांटना

खडूर साहिब/चंडीगढ़/शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) पार्टी को उसके घरेलू मैदान में ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन की चुनौती दी(जिसमें 20,000 से अधिक लोगों के साथ)। इस दौरान उन्होने पंजाबियो से उस संगठन से सावधान रहने का आग्रह किया, जिसे 'एजेंसियों' और आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया है जिसे न तो उनकी कोई चिंता है और यहां तक कि 'बंदी सिंहो' जैसे पंथक मुद्दों से उनका कोई सरोकार नही है। यहां एक रिकॉर्ड तो रैली को संबोधित करते हुए जिसमें कार्यक्रम के लिए लगाए गए टैंटों भी खचाखच भर गए और यहां तक कि आने वाली सभी से के भी जाम हो गई। अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' आपको रातो रात उभरने वाली पार्टियों से और उन नेताओं से सावधान रहना चाहिए, जिनका आपके कारणों के लिए संघर्ष का कोई इतिहास नही है। आपने देखा है कि कैसे आम आदमी पार्टी और भगवंत मान ने आपको लूटा है। अगर वारिस पंजाब दे पर भरोसा करते हैं तो भी ऐसा ही होगा।'' डब्ल्यूपीडी प्रमुख अमृतपाल पर निशाना साधते हुए सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा ,'' आपको नही जानते कि उन्होने 'पूर्ण गुरसिख' के वस्त्र धारण करने से पहले क्या कुकर्म किए हैं। आप नही जानते कि वह दुबई में क्या कर रहे थे और वह नई भूमिका के लिए कैसे तैयार हुए। आपको यह पता होना चाहिए कि उनके परिवार ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का दृढ़ता से समर्थन किया है और 1984 में श्री दरबार साहिब पर हमले के बाद भी पार्टी नही छोड़ी। परिवार ने बीबी परमजीत कौर खालड़ा के खिलाफ भी कांग्रेस का समर्थन किया ।'' अमृतपाल के चरित्र का पर्दाफाश करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि जब उनका अपना भाई नशे का आदी था उस समय उन्होने नशा विरोधी आंदोलन शुरू करने की नौटंकी की। उन्होने कहा कि अमृतपाल ने एक पुलिस स्टेशन से एक सहयोगी को छुड़ाने के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब का इस्तेमाल किया और अपने करीबी दोस्त गुरप्रीत सिंह हरिनाउ की हत्या में भी उनका हाथ था। उन्होने अमृतपाल की यह कहने पर निंदा की कि बंदी सिंहों की कोई जरूरत नही है। सरदार बादल ने कहा,'' यह बयान यू ट्यूब पर है और आप इसे स्वयं देख सकते हैं।'' उन्होने इस बात पर जोर दिया कि अमृतपाल का परिवार अपने गांव में रहने वाले बंदी सिंह गुरदीप सिंह खैरा से कभी भी मिलने नही गया और न ही कभी बंदी सिंह भाई बलवंत सिंह राजोआणा और जगतार सिंह हवारा की सहायता की।

लुधियाना में गैंगवार की बड़ी साजिश नाकाम - आत्म पार्क पुलिस एनकाउंटर में डोनी बल्ल गैंग के 2 कथित शूटर ढेर

रक्तदान शिविर में मास शूटिंग की थी कथित साजिश; पुलिस पर बरसाईं गोलियां, जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गए

डेली आवाज भारती

लुधियाना/रवीश कपूरः लुधियाना में गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित गैंगवार की एक बड़ी साजिश नाकाम कर दी। एजीटीएफ पंजाब और लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस की संयुक्त टीम ने आत्म पार्क अंडर ब्रिज के पास मुठभेड़ में डोनी बल्ल गिरोह के दो कथित हथियारबंद सदस्यों को ढेर कर दिया। पुलिस के अनुसार, मारे गए आरोपियों की पहचान करनजोत सिंह उर्फ नोना और संदीप सिंह, निवासी सुल्तानविंड रोड, अमृतसर, के रूप में हुई है। मौके से 3 आधुनिक ऑटोमेटिक पिस्तौल और करीब 50 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। नाकाबंदी देख भागे, पुलिस पर फायरिंग पुलिस के मुताबिक, पुख्ता सूचना के आधार पर आत्म पार्क अंडर ब्रिज के पास नाकाबंदी की गई थी। बिना नंबर प्लेट की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर पहुंचे दोनों संदिग्धों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे और पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस का दावा है कि फायरिंग के दौरान दो गोलियां सरकारी पुलिस वाहन पर भी लगीं। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी मारे गए। रक्तदान शिविर बना था निशाना! सीपी स्वपन शर्मा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दोनों आरोपियों के डोनी बल्ल और शगनप्रीत से सीधे संपर्क में होने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों को रविवार को दुगरी रोड स्थित मैरीलैंड पैलेस के रक्तदान शिविर में गोलीबारी करने की कथित जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है और पूरे आपराधिक नेटवर्क की कड़ियां खंगाली जा रही हैं।

अमेरिका में भारतीय महिला को गोलियों से भूना, मौत

22 साल का आरोपी महीनों से कर रहा था पीछा

डेली आवाज भारती

अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल की 38 वर्षीय महिला शालिनी ठाकुर की कथित तौर पर महीनों तक पीछा किए जाने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (DHS) के मुताबिक, 22 वर्षीय आरोपी रोहित ने सैक्रामेंटो के एक शॉपिंग सेंटर में शालिनी को उसकी कार के पास घेरा। शालिनी जान बचाकर भागने लगी तो आरोपी ने उसका पीछा किया और कई गोलियां मार दीं। DHS के मुताबिक, 8 सितंबर को हुई इस वारदात में आरोपी ने शालिनी पर कई गोलियां चलाईं। जमीन पर गिरने के बाद भी उसने कथित तौर पर शालिनी के सिर में बेहद करीब से गोली मारी और फिर अपनी कार से फरार हो गया। बाद में अधिकारियों ने आरोपी की कार को रोकने और उसे बाहर आने के लिए कहा। हालांकि, अधिकारियों को वाहन के अंदर उसका शव मिला। सैक्रामेंटो काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।जांच में सामने आया कि आरोपी कथित तौर पर जनवरी से ही शालिनी को परेशान और उसका पीछा कर रहा था। शालिनी को अपनी कार के बोनट के नीचे एक Apple AirTag मिला था, जिसके बाद उसे आरोपी के पीछा करने का पता चला। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर शालिनी की कार के टायरों की हवा भी निकाल दी थी। वह उसके कार्यस्थल तक उसका पीछा करता था और फिर मदद करने के बहाने उसके करीब आने की कोशिश करता था। मामला यहीं नहीं रुका। सैक्रामेंटो काउंटी शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, आरोपी ने शालिनी के अपार्टमेंट की चाबी की एक प्रति भी हासिल कर ली थी। वह कथित तौर पर उस समय उसके घर में घुस गया था जब शालिनी सो रही थी। DHS के एक प्रवक्ता के मुताबिक, आरोपी रोहित भारत का रहने वाला था और 2023 में एरिजोना के रास्ते अमेरिका में दाखिल हुआ था। प्रवक्ता ने उसे अवैध रूप से रह रहा भारतीय नागरिक बताया है। प्रवक्ता के अनुसार, अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल ने उसे गिरफ्तार किया था।

CMYK

बठिंडा में पंजाब की सबसे बड़ी 'यूथ रन': 20,000 युवाओं और खिलाड़ियों ने नशों के खिलाफ दिया कड़ा संदेश

यह नया पंजाब है, उम्मीद लौटी है और हमारे युवाओं में चिंगारी तेजी से जल रही है: अरविंद केजरीवाल

डेली आवाज भारती

बठिंडा। पंजाब के युवाओं ने उड़ता पंजाब के प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दिया है। बठिंडा में पंजाब की सबसे बड़ी यूथ रन पंजाब-2026 में रिकॉर्ड 20,000 युवाओं और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और नशों के खिलाफ और खेलों के पक्ष में साफ संदेश दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान के 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम को बड़ा रिस्पॉन्स देते हुए, इस बड़े पैमाने पर हिस्सेदारी ने 'चढ़ता पंजाब, खेलता पंजाब और भागता पंजाब ङ्क रंगला पंजाब' की तस्वीर पेश की।

इस समरोह में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने इस समरोह में बड़े जोश के साथ हिस्सा लिया। विजेताओं को 11,000 रुपये तक के नकद राशि दिए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और पार्टिसिपेशन मेडल मिले। इस पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा- ÷यह नया पंजाब है। वह खोई हुई उम्मीद वापस आ गई है। आप हमारे युवाओं में जोश की चिंगारी देख सकते हैं। पंजाब सरकार के सहयोग से, युवा पंजाब से नशों की बुराई को खत्म करने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। यह बहुत हौसला बढ़ाने वाला है। मीडिया से बात करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा कि यह मैराथन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के कहने पर प्लान की गई है। उन्होंने कहा, ÷यह इस सीरीज़ की तीसरी मैराथन है। यह मोहाली से शुरू हुई थी और आज बठिंडा में करीब 20,000 लोग इसमें हिस्सा ले चुके हैं। राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा, ÷हर उम्र और हर तरह के लोगों ने बड़े जोश के साथ इसमें हिस्सा लिया है। यह पंजाबियों के स्पोर्ट्स और फिटनेस के प्रति प्यार और जुनून को दिखाता है। पंजाब को नाकारात्मक तरीके से दिखाने वाले प्रचार पर सीधा निशाना साधते हुए, राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा, मैराथन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने से उन लोगों को करारा जवाब मिला है, जिन्होंने 'उड़ता पंजाब' जैसे प्रचार के ज़रिए पंजाब की गलत इमेज बनाने की कोशिश की थी। आज हम उन्हें %चढ़ता पंजाब, खेलता पंजाब और भागता पंजाब-रंगला पंजाब% दिखाना चाहते हैं। राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा, यह हिस्सा लेना पूरी तरह से नेचुरल और अपनी मर्ज़ी से है। लोगों ने खुद को रजिस्टर किया है और यहां तक पहुंचे हैं।

आज हम जो जोश देख रहे हैं, वह एक बहुत मज़बूत मैसेज है कि पंजाब स्पोर्ट्स, फिटनेस और ड्रग फ्री भविष्य की ओर बढ़ रहा है। बठिंडा के लोगों को इस शानदार रिस्पॉन्स के लिए बधाई देते हुए, राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा, ÷मैं बठिंडा के लोगों को इस ज़बरदस्त रिस्पॉन्स के लिए बधाई देता हूँ। यहाँ के लोगों की भागीदारी ने पटियाला और लुधियाना में होने वाले हमारे आने वाले मैराथन के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया है। राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा, ÷हम पूरे पंजाब में ऐसे इवेंट्स ऑर्गनाइज़ करते रहेंगे। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे इस इनिशिएटिव को सपोर्ट करते रहें और हमारे युवाओं को नशों के बजाय स्पोर्ट्स और फिटनेस चुनने के लिए बढ़ावा दें। बठिंडा में भारी भागीदारी ने पंजाब के युवाओं में स्पोर्ट्स, फिटनेस और ड्रग-फ्री भविष्य के प्रति बढ़ते जोश को दिखाया है, जिससे 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम का मैसेज और मज़बूत हुआ है कि पंजाब के युवा नशों को 'ना' और खेलों को 'हाँ' कह रहे हैं।

सेवा संकल्प अभियान से जुड़कर सामाजिक संस्थाएं निभाएं सक्रिय भूमिका : डॉ. अर्चना गुप्ता

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि सामाजिक संस्थाओं, प्रबुद्ध नागरिकों और आमजन की सक्रिय भागीदारी से संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' से सामाजिक संस्थाएं जुड़कर सेवा कार्यों को व्यापक स्वरूप दें, ताकि हर पात्र, जरूरतमंद व वंचित तक लाभ पहुंच सके। रविवार को अंबाला स्थित रीजेंटा सिटी विलास पैलेस में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3080 की ओर से आयोजित 'समृद्धि' एवं पब्लिक इमेज सेमिनार में डॉ. अर्चना गुप्ता ने हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ से पहूंचे रोटरी प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि रोटरी से जुड़े सदस्य समाज के प्रबुद्ध और जिम्मेदार वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। विशेषकर युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए केवल कानून या प्रशासन पर्याप्त नहीं है। इसके लिए समाज के स्तर पर दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम करना होगा–सोशल मॉनिटरिंग और मॉरल सपोर्ट। परिवार, शिक्षक, सामाजिक संस्थाएं और जिम्मेदार नागरिक समय रहते युवाओं के व्यवहार में आने वाले बदलावों को पहचानें और उन्हें अकेला छोड़ने के बजाय सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग दें। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने कहा कि युवा जिस व्यक्तित्व को अपना आदर्श मानते हैं, उसके जीवन और मूल्यों का उनके व्यवहार पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए युवाओं को ऐसे सकारात्मक रोल मॉडल से जोड़ना आवश्यक है जो अनुशासन, मेहनत, राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण की प्रेरणा दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन संघर्ष, परिश्रम, आत्मअनुशासन और जनसेवा का उदाहरण है। उनके 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से युवाओं को जोड़कर उन्हें नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से स्वास्थ्य शिविर, महिला एवं बाल स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, श्रमदान, नशामुक्ति जागरूकता और करियर काउंसलिंग जैसे कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

पंजाब में ड्रोन रोधी तकनीक से हेरोइन की तस्करी पर लगाम, उपलब्धता में आई कमी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए ड्रोन के माध्यम से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ मिलकर अपनाई गई बहुस्तरीय रणनीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसके चलते पंजाब में हेरोइन की उपलब्धता में कमी आई है। पुलिस के मुताबिक, राज्य में ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए नौ एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए जा रहे हैं। इनमें %बाज आंख% के तीन सिस्टम शामिल हैं, जो अगस्त 2025 से अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर में सक्रिय हैं। ये सिस्टम संदिग्ध ड्रोन की शुरुआती स्तर पर पहचान करने और उन्हें जाम करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, ड्रोन सेंस डी200 प्रो की तीन यूनिट 3 सितंबर को सीमावर्ती जिलों में रणनीतिक स्थानों पर तैनात की गईं। यह लंबे समय तक काम करने वाला मोबाइल ड्रोन डिटेक्शन प्लेटफॉर्म है। पुलिस के अनुसार, इसकी मदद से ड्रोन से जुड़ी गतिविधियों और वास्तविक ड्रॉपिंग लोकेशन की सटीक पहचान हो रही है, जिससे जमीन पर तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि त्वरित कार्रवाई के लिए 147 पुलिसकर्मियों वाली 52 ड्रोन रिस्पॉन्स टीमें (डीआरटी) बनाई गई हैं। ये टीमें बीएसएफ के साथ करीबी समन्वय में काम करती हैं। ड्रोन अलर्ट मिलने के बाद टीमें संदिग्ध ड्रॉपिंग लोकेशन पर पहुंचकर तलाशी लेती हैं और वहां गिराए गए मादक पदार्थों के खेप को लेने पहुंचने वाले लोगों को पकड़ती हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था को 600 पुलिसकर्मियों वाली 64 सेकेंड-लाइन डिफेंस नाकों और 585 स्थानों पर लगाए गए 2,367 सीसीटीवी कैमरों से भी मजबूती मिल रही है।

बंगाल सरकार ने 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया, 100 को 'कारण बताओ नोटिस'

डेली आवाज भारती

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यव्यापी सर्वेक्षण के बाद 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है और करीब 100 अन्य को %कारण बताओ नोटिस% जारी किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सर्वेक्षण में पाया गया कि इनमें से कई संस्थानों के पास जरूरी मंजूरी नहीं थी और वहां बुनियादी ढांचे का भी अभाव था। अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग के मंत्री खुदीराम टुडू ने कहा कि जिन मदरसों के पास जरूरी मंजूरी है, वे संचालित होते रहेंगे। विभाग ने सरकारी और निजी मदरसों के बुनियादी ढांचे, मंजूरी की स्थिति और प्रबंधन व्यवस्था का आकलन करने के लिए जून की शुरुआत से पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण किया था। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित मदरसों को >कारण बताओ नोटिस' जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके जवाबों की पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। टुडू ने बताया कि यह कवायद विभिन्न जिलों में अधिकृत और अनधिकृत मदरसों की संख्या का पता लगाने के लिए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर शुरू की गई थी। मंत्री ने कहा, %%कुल 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया गया है, जबकि 100 अन्य को जरूरी मंजूरी और बुनियादी ढांचा नहीं होने के कारण नोटिस जारी किए गए हैं। राज्य के पंचायती राज मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि मदरसों को लेकर कई विवाद सामने आए हैं और दावा किया कि कई मामलों में चरमपंथी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार लोगों के कुछ ऐसे संस्थानों में शिक्षक के रूप में काम करने की बात सामने आई थी। उन्होंने कहा, मदरसों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जहां मदरसों से लोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे थे।

वीर सैनिकों के बलिदान को सदैव याद रखें, उनके परिवारों का सम्मान करें : राज्यपाल घोष

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने समाज से देश के वीर सैनिकों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने, उनके परिवारों का सम्मान करने तथा उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पंचकूला में आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, हरियाणा द्वारा आयोजित वीर नारी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण, सम्मान तथा पुनर्वास की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए किए जा रहे कल्याणकारी उपायों का उल्लेख करते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि उनके हित में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिनमें वन रैंक वन पेंशन का कार्यान्वयन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वीर नारियों को सम्मानित किया और राष्ट्र के प्रति उनके त्याग, साहस और योगदान को नमन किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान प्रो. घोष ने दो पुस्तकों 'पूर्व सैनिक गौरव स्मारिका' और 'विकास की बुलंद उड़ान' का विमोचन भी किया। प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध और गौरवशाली सैन्य परंपरा रही है। प्रदेश के असंख्य सैनिकों ने अदम्य साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के साथ देश की सेवा की है। रेजांग ला के युद्ध में अहीरवाल क्षेत्र के सैनिकों के वीरतापूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका शौर्य और सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि रेजांग ला में वीर सैनिकों ने विषम परिस्थितियों और भारी चुनौतियों के बावजूद अद्भुत साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनका बलिदान भारतीय सैन्य शौर्य का एक अमिट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सच्चा साहस संख्या या परिस्थितियों से नहीं, बल्कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम क्षण तक डटे रहने के संकल्प से परिभाषित होता है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग की स्थापना की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सैनिक और अर्ध सैनिक कल्याण विभाग के लिए बजट आवंटन 58.93 प्रतिशत बढ़ाकर 178.14 करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण तथा सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा, अम्बाला छावनी का सूरत-ए-हाल बदलने के लिए हम लगातार कर रहे प्रयास

डेली आवाज भारती

चण्डीगढ। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी का सूरत-ए-हाल बदलने के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। त्वरित पानी निकासी के लिए पहले अम्बाला छावनी के पुराने सदर क्षेत्र में 65 करो की लागत से स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली गई थी और उसका नतीजा यह था कि बरसातों में पानी खड़ा नहीं हुआ, साथ ही मक्खी-मच्छर भी नहीं रहे। अब हमारा लक्ष्य सारे अम्बाला छावनी को ओपन नाली मुक्त करना है। हम चाहते हैं कि सारा शहर नाली मुक्त हो। इसीलिए आज लगभग 58 करो रुपए की लागत से स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डालने के कार्य की शुरूआत एकता विहार से की जा रही है जिसका लोगों को अत्याधिक लाभ मिलेगा। विज ने कहा कि इस कार्य के होने के बाद यह क्षेत्र खुली नाली मुक्त होगा। उन्होंने कहा अभी जगाधरी रोड गोविंद नगर से सहारनुपर रेल लाइन की ओर टांगरी बांध तक स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जा रही है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन हरभजन सिंह को निर्देश दिए कि वह तीन-चार टीमें बनाए ताकि लालकुर्ती क्षेत्र, बीसी बाजार, ऑउटर लार्ज रोड के साथ-साथ एकता विहार क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाईपलाईन डालने का कार्य किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि एकता विहार क्षेत्र में जहां कार्य का शिलान्यास किया गया है वहां नालियों का लेवल ठीक करवाकर इस कार्य को करवाएं, ताकि बरसात के दिनों में बरसाती पानी की निकासी सुगमता से हो सकें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आगे जगाधरी रोड से डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र की ओर स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाईपलाईन डालने का काम किया जाएगा जिससे पूरा अम्बाला नाली मुक्त हो जाएगा। विज ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहा कि अम्बाला छावनी को सुन्दर एवं विकसित बनाया जाए और इसके लिए लोगों ने जो ताकत एवं आर्शीवाद दिया है उसके तहत उन्होंने अम्बाला छावनी में अनगिनत विकास कार्यो को करवाने का काम किया हैं। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम कनिका गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर तथा भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य गणमान्य लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका भव्य अभिनन्दन किया। परिवहन मंत्री अनिल विज ने निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डालने के कार्य के दौरान लोगों के घरों के आगे थड़ों को तोड़ा जाएगा ताकि पानी लाइन को डाला जा सके। इसके लिए उन्होंने लोगों से पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पहले जब सदर क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डाली गई तो लोगों को पूरा सहयोग दिया जिस वजह से आज वहां पानी निकासी बेहतर हो रही है।

भाजपा राज में बेरोजगारी, नशा, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बदहाल औद्योगिक ढांचा हरियाणा के लिए गंभीर संकट : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने रविवार को पानीपत के कमालिया चौक स्थित मॉडल टाउन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला पानीपत शहरी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत सिंह ने की, जबकि आयोजन मॉडल टाउन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश गलहोत्रा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पार्टी संगठन को जिला, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा और जनहित से जुड़े मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं विफलताओं को जनता के सामने उजागर करना कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया सहित संचार के सभी प्रभावी माध्यमों का व्यापक उपयोग कर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर जनता के सामने रखा जाना चाहिए।

गुलजार सिंह मौत मामला: मंत्री हरपाल सिंह चीमा के आवास तक पंजाब कांग्रेस का विरोध मार्च 15 सितंबर को, चन्नी का ऐलान

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में गुलजार सिंह की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को विरोध मार्च का ऐलान किया है। चन्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट कर लिखा, ÷प्रभारी महासचिव सचिन पायलट के नेतृत्व में पंजाब कांग्रेस 15 सितंबर को सुबह 11~00 बजे चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस पार्टी कार्यालय से 'आप' मंत्री हरपाल सिंह चीमा के आवास तक एक विरोध मार्च निकालेगी। हम मांग करते हैं कि गुलजार सिंह की दुखद मौत के मामले में चीमा को कैबिनेट से हटाया जाए और उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इसमें शामिल होने का अनुरोध है। दरअसल, पंजाब कांग्रेस के नए प्रभारी सचिन पायलट ने इस मामले में आप सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। पायलट ने कहा है कि कांग्रेस गुलजार सिंह के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरेगी। गुलजार सिंह ने पंजाब में बेकाबू नशे के मुद्दे पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा से सवाल किया था, जिसके बाद उन्हें दबाव और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस का आरोप है कि इसी प्रताड़ना से तंग आकर गुलजार सिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सचिन पायलट ने कहा कि मौत से पहले गुलजार सिंह द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में मंत्री हरपाल चीमा का नाम स्पष्ट रूप से लिया गया है, जो इस मामले को और भी गंभीर बनाता है। इसके अलावा पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें गरिमा और सम्मान नहीं दिया गया। सचिन पायलट ने पूरे मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए इसकी स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग सिर्फ जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी चाहती है कि मंत्री हरपाल सिंह चीमा को तत्काल प्रभाव से कैबिनेट से बर्खास्त किया जाए और गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाए।

CMYK

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर » सोमवार, 14 सितंबर 2026

विधायक शेरी कलसी की अगुवाई में बटाला शहर में विकास कार्य जारी

अमृत कलसी ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमंदीप संधू): पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी की अगुवाई में बटाला शहर में विकास कार्य लगातार जारी हैं। अमृत कलसी ने जालंधर रोड सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर एमसी सूबेदार बलजिंदर सिंह भी मौजूद थे। बातचीत करते हुए अमृत कलसी ने कहा कि शहरवासियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। शहर में गलियों और सड़कों के विकास कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं तथा लोगों तक स्वयं पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बटाला शहर की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया है। अब लोगों का साथ देते हुए उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा किया जा रहा है। शहर में कई विकास कार्य पूरे करवाए जा चुके हैं, जबकि अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं।

14 सितंबर को कृषि मंत्री खुड्डीयां के घर के समक्ष दिए जाने वाले धरने की तैयारियां जोरों पर

- गुरुहरसहाय क्षेत्र से सैकड़ों किसान, मजदूर प्रदर्शन में होंगे शामिल:किसान नेता

डेली आवाज भारती

14 सितंबर के प्रदर्शन को लेकर किसान एवं मजदूर बैठक करके सरकार खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): किसानों की मांगों को पूरा करवाने के लिए के.एम.एम की तरफ से पंजाब के मंत्रीयों के घरों के समक्ष 5 दिवसीय धरने दिए जारहे है। जिला फिरोजपुर की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डीयां के घर के आगे 14 सितंबर को धरना दिया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला नेता धर्म सिंह सिधू व गुरबख्श सिंह की अध्यक्षता में गुरुहरसहाय के दर्जन भर गांवों जैसे बुला राए, छांगा राए, लाड़ीयां, छीबे वाला, मेघा राए, बहादरके, वादियां आदि में किसानों, मजदूरों व महिलाओं की बैठकें की गई। इन बैठकों को संबोधित करते हुए धर्म सिंह सिधू ने कहा कि किसान मजदूरों की कर्जा माफी, शंभु-खनौरी के बार्डर पर चोरी हुए सामान की भरपाई, बिजली शोध बिल खिलाफ प्रस्ताव, 5 फसलों की एमएसपी गरंटी कानून बनाने सहित किसानी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को मजबूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर के प्रदर्शन में गुरुहरसहाय से सैकड़ों किसान व मजदूर शामिल होंगे। इस मौके पर कृष्ण सिंह, कुलवंत सिंह, सुरजीत सिंह, प्रीतम सिंह, जज सिंह, काला सिंह, चिमन सिंह, शाम लाल, दीवान चंद, जोरा सिंह, हरमेश सिंह आदि मौजूद थे। बैठकों के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

भगवान की मूर्ति चोरी मामले में कबाड़ी समेत 5 गिरफ्तार

टूटी मूर्ति के साथ चोरी का सामान बरामद, मुख्य सरगना समेत पूरे गैंग का पर्दाफाश

डेली आवाज भारती

बरनाला, (राकेश जेठी): बरनाला पुलिस ने हंडियाया रोड पर स्थित एक शोरूम में हुई चोरी के मामले को सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने भगवान की मूर्ति समेत लाखों रुपये का कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक कबाड़ी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान पर चोरी का सामान और भगवान की टूटी मूर्ति बरामद कर ली है। सीआईए स्टाफ बरनाला के इंचार्ज इंस्पेक्टर बलजीत सिंह, जो राष्ट्रपति मेडल विजेता हैं, ने बताया कि चोरी की घटना हंडियाया रोड पर स्थित आर.एस. एंटरप्राइजेज के शोरूम में हुई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू की और 24 घंटे के अंदर घटना के मुख्य चोर को पकड़ लिया। शुरुआती गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो चोरी के पीछे पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो गया। जांच के दौरान पुलिस ने कबाड़ी समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सू, बेटा जरनैल सिंह, निवासी गुरु तेग बहादुर नगर, बरनाला, हरदीप सिंह उर्फ दीपा, बेटा राजिंदर सिंह, निवासी खुदी रोड, बरनाला, गुरप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला, बेटा बूटा सिंह, निवासी गुरु तेग बहादुर नगर, हंडिया रोड, बरनाला, प्रवीण कुमार, बेटा सरूप चंद, निवासी गली नंबर 9, गुरु तेग बहादुर नगर, बरनाला और राज कबाड़िया, बेटा मक्खन सिंह, मूल रूप से किला रहमानगढ़, मालेरकोटला का रहने वाला, फिलहाल बरनाला का रहने वाला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सू को इस मामले का मुख्य मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने भगवान की चोरी की मूर्ति कबाड़ी राज कबाड़ी को बेच दी थी। राज कबाड़ी ने करीब दो दिन अपने पास रखने के बाद मूर्ति उसी चोर को वापस कर दी थी। रिमांड के दौरान हुई रिकवरी ष्ट्ठ इंचार्ज इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट पुलिस चीफ मोहम्मद सरफराज आलम के डायरेक्शन में पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड हासिल किया। रिमांड के दौरान पूछताछ और पहचान होने पर पुलिस ने चोरी का काफी सामान बरामद किया है। बरामद किए गए सामान में भगवान की चोरी की टूटी हुई मूर्ति, एक॰ष्ट, एक स्ष्ठ, दो लैपटॉप, एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल, दो ग्राइंडर और दो स्मार्ट वॉच शामिल हैं।

मूर्तियां तोड़ने की धारा भी जोड़ी गई

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ दर्ज चोरी के मामले में जांच के आधार पर और कानूनी धाराएं जोड़ी गई हैं। भगवान की मूर्ति तोड़ने के मामले को गंभीरता से लेते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़ी कानूनी धारा भी जोड़ी गई है। बरनाला पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ चोरी की घटना को सुलझाने में कामयाबी मिली है, बल्कि पुलिस ने मामले में कथित तौर पर शामिल पूरे गैंग को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से आगे पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि गैंग ने इससे पहले और कौन-कौन सी वारदातें की हैं और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त में और कौन-कौन शामिल है।

अज्ञात व्यक्ति घर में दाखिल होकर जेवरात और नगदी चोरी करके फरार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन बस्ती रुकने वाली के एक घर से लाखों के जैवरात एवं नगदी चोरी करके ले जाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता मकान मालिक के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता रजनीश कुमार पुत्र जगतार चंद वासी बस्ती रुकने वाली ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उसके घर में दाखिल होकर अंदर पड़ी अलमीरा व बैड में से सोने के करीब 17 तोले सोने, 1 किलो चांदी व 50 हजार रुपए की नगदी चोरी करके ले गए है। पीड़ित ने बताया कि जब उसने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो उसे पता चला है उसकी मां से कैमरों का बटन गल्त से बंद हो गया था, जिसके चलते चोरी का कुछ पता नहीं चल सका है। मामले की जांच कर रहे सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरु कर दी है।

अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ तीन लोग पुलिस हिरासत में

स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त, सीआईए बरनाला ने की कार्रवाई

डेली आवाज भारती

बरनाला, (राकेश जेठी): बरनाला पुलिस की तरफ से असामाजिक तत्वों और गैर-कानूनी हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, ष्ट्ठ बरनाला टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सिटी बरनाला पुलिस स्टेशन में गैर-कानूनी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस नंबर 460, तारीख 11 सितंबर, 2026 के तहत सेक्शन 25/54/59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मनप्रीत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी रामगढ़िया रोड, बरनाला, कुलदीप सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी रामगढ़िया रोड, बरनाला और सौकी सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी दलेलवाला, जिला मानसा को मामले में नामजद किया गया है। कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने एक 32 बोर की पिस्तौल, जिंदा कारतूस और एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर PB-19X-3121 बरामद की है। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी स्ञ्जढ्ढ. जगदीप सिंह, ष्ट्ठ बरनाला कर रहे हैं। मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई पुलिस कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में लगी हुई है कि बरामद अवैध हथियार आरोपियों तक कैसे पहुंचे और क्या इस मामले में कोई और व्यक्ति भी शामिल है।

ईमानदारी अभी भी जिंदा है: हंडियाया के सब्जी विक्रेता ने मोबाइल ढूंढकर उसके असली मालिक को लौटा दिया

डेली आवाज भारती

हंडियाया, (राकेश जेठी):- आज के समय में जब लोगों को किसी की खोई हुई कीमती चीज़ मिलती है, तो वे उसे अपने पास रखने के बारे में सोचते हैं, लेकिन हंडियाया के एक सब्ज़ी बेचने वाले अशरफ़ खान ने ईमानदारी और इंसानियत की मिसाल पेश की है। जानकारी के मुताबिक, अशरफ़ खान को एक मोबाइल फ़ोन मिला। फ़ोन को अपने पास रखने के बजाय, उसने उसके असली मालिक को ढूंढना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने ष्ट्ठ स्टाफ़ की मदद ली और पुलिस की मदद से मोबाइल फ़ोन के असली मालिक का पता लगा लिया। असली मालिक की पहचान करने के बाद, अशरफ़ खान ने मोबाइल फ़ोन उसे सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर मालिक ने अशरफ़ खान का शुक्रिया अदा किया। अशरफ़ खान की इस ईमानदारी ने साबित कर दिया कि आज भी समाज में अच्छाई, ईमानदारी और इंसानियत ज़िंदा है। उनके इस कदम की इलाके में तारीफ़ हो रही है।

कार-मोटरसाईकिल की टक्कर में जख्मी महिला की हुई मौत

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने बीते दिन मुदकी डेरा राधा स्वामी के नजदीक कार एवं मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में जख्मी पुए पति-पत्नी में से महिला की मौत हो जाने के मामलें में कार्रवाई करते हुए मृतका के पति के बयान अज्ञात कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना घल्लखुर्द के महिला हवलदार ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता दविन्द्र पुत्र सोहन सिंह वासी गांव हराज ने बताया कि वह बीते दिन अपने परिवार के साथ मोटरसाईकिल पर जा रहा था तो मुदकी के पास राधा स्वामी डेरे के नजदीक उसके मोटरसाईकिल को हांडा अमेज कार नंबर पीबी-30एबी-2561 के ड्राईवर ने टक्कर मार दी।

कादियां में दशहरे का पवित्र त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा

डेली आवाज भारती

कादियां, (अमनदीप संधू): नौजवान दशहरा कमेटी कादियां की एक विशेष बैठक नौजवान दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह मेहता और चेयरमैन डॉ. तिलक राज घुम्मण की अध्यक्षता में शीतला मंदिर, रेलवे रोड कादियां में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कादियां में दशहरे का पवित्र त्योहार 20 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ सिख नेशनल कॉलेज की खुली ग्राउंड में मनाया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि दशहरा समारोह के दौरान पंजाब के प्रसिद्ध गायक मासा अली एंड पार्टी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्रवासियों और दशहरा प्रेमियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह विशेष बैठक नौजवान दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह मेहता की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से वाइस चेयरमैन सरबजीत सिंह माहल, अध्यक्ष नगर कौंसिल कादियां, मनोज कहेड़, अध्यक्ष माता शिनमस्तिका लंगर कमेटी कादियां, ऑब्जर्वर नीटा माहल, वाइस प्रधान नगर कौंसिल कादियां, जनरल सचिव सतीश सूरी, सचिव फौजी फाइनांस, कोषाध्यक्ष प्रबजोत सिंह, वाइस प्रधान सोहल टेलीकॉम, सचिव सिकंदर भगत, पार्षद वार्ड नंबर 10, कामरेड दविंदर शर्मा, राहुल शर्मा, सतिंदर सिंह और अशोक कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा कमेटी के सदस्य कामरेड गुरमेज सिंह, अजय, मनोहर, करण, बागां सहित बड़ी संख्या में दशहरा कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। कमेटी सदस्यों ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इस पवित्र त्योहार को सभी मिल-जुलकर उत्साह, श्रद्धा और आपसी भाईचारे की भावना के साथ मनाएंगे।

माता सुलखनी जी एवं धन श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व को समर्पित चाय-पकौड़ों का लंगर 10 से 20 सितंबर तक

बाबा बंदा सिंह बहादुर दल जत्थेबंदियों की ओर से संगत की सेवा एवं रहने के लिए विशेष प्रबंध

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): माता सुलखनी जी एवं धन श्री गुरु नानक देव जी के विवाह पर्व को समर्पित बाबा बंदा सिंह बहादुर दल जत्थेबंदियों की ओर से संगत की सेवा के लिए चाय-पकौड़ों का लंगर लगाया जा रहा है। यह लंगर 10 सितंबर से 20 सितंबर तक निरंतर चलाया जाएगा। इस अवसर पर संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके रहने-सहने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। जत्थेबंदियों की ओर से विवाह पर्व में शामिल होने वाली संगत की सेवा एवं सुविधा के लिए हर संभव प्रबंध किए जा रहे हैं। इस सेवा कार्य के संबंध में बाबा बंदा सिंह बहादुर दल जत्थेबंदियों के मुख्य सेवादार विक्रमजीत सिंह (विक्की बाबा जी) ने हुड़दंग मचाने वाले नौजवानों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि धार्मिक समागमों के दौरान अनुशासन एवं शांति बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गुरु घर की पवित्रता एवं संगत की मर्यादा को भंग करने वाली किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समूह नौजवानों से अपील की कि वे विवाह पर्व के अवसर पर गुरु घर की मर्यादा का सम्मान करते हुए सेवा, सिमरन एवं संगत की सुविधा के लिए अपना योगदान दें। इस सेवा कार्य में रिंकू संधू, जतिंदर सिंह लड्डी, लक्की संधू, संदीप सिंह, मनदीप सिंह, हीरा सिंह, प्रिंस बाजवा, राजिंदर सिंह, दर्शनदीप सिंह हजूरी रागी, अनमोल सिंह, शेर सिंह, करनबीर सिंह, जशनदीप सिंह, अरुणदीप सिंह एवं जगजीत सिंह की ओर से सेवा निभाई जा रही है। बाबा बंदा सिंह बहादुर दल जत्थेबंदियों की ओर से समूह संगत से अपील की गई कि वे इस पवित्र विवाह पर्व के अवसर पर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें एवं लंगर की सेवा में अपना योगदान दें। बाबा बंदा सिंह बहादुर दल जत्थेबंदियों की ओर से समूह संगत को विवाह पर्व की लाख-लाख बधाइयां।

दिड़बा सब-डिवीजन के इच्छुक लोगों के लिए बकरी पालन की तीन दिवसीय निःशुल्क ट्रेनिंग 15 सितंबर से

डेली आवाज भारती

दिड़बा। लोगों को स्वरोजगार और सहायक व्यवसायों से जोड़ने के उद्देश्य से दिड़बा सब-डिवीजन से संबंधित इच्छुक व्यक्तियों के लिए बकरी पालन संबंधी तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण 15 से 17 सितंबर 2026 तक एस.डी.एम. कार्यालय दिड़बा में आयोजित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा तैयार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों द्वारा बकरी पालन के विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। एस.डी.एम. दिड़बा श्री तरसेम चंद भागसर ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिड़बा सब-डिवीजन के अधिक से अधिक इच्छुक व्यक्तियों को बकरी पालन जैसे लाभकारी सहायक व्यवसाय की व्यावहारिक जानकारी देकर अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि अपना काम शुरू करने के इच्छुक युवाओं, किसानों और अन्य व्यक्तियों के लिए यह प्रशिक्षण काफी लाभदायक साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पांचवीं पास होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक अपने साथ आधार कार्ड, वोटर कार्ड और चार पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज जरूर लेकर आएं। यह प्रशिक्षण केवल दिड़बा सब-डिवीजन से संबंधित आवेदकों के लिए है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 15 सितंबर को बकरियों की नस्लें, चयन, फीडिंग और न्यूट्रिशन, 16 सितंबर को हाउसिंग, फार्मिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बीमारियों, जबकि 17 सितंबर को ब्रीडिंग, रिप्रोडक्टिव मैनेजमेंट, वैक्सीनेशन और डी-वॉर्मिंग सहित सफल बकरी पालन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विशेषज्ञ जानकारी साझा करेंगे। तरसेम चंद भागसर ने दिड़बा सब-डिवीजन के योग्य और इच्छुक व्यक्तियों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सही प्रशिक्षण के साथ शुरू किया गया सहायक व्यवसाय स्वरोजगार का रास्ता खोलने के साथ-साथ पारिवारिक आय को मजबूत करने का साधन बन सकता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल होने और अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति एस.डी.एम. कार्यालय दिड़बा या कार्यालय समय के दौरान संबंधित नोडल अधिकारी डॉ. शविंदरपाल, एस.वी.ओ. दिड़बा से मोबाइल नंबर 94173-40030 पर संपर्क कर सकते हैं।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में प्यार, खुशियों और पारिवारिक मूल्यों के साथ मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स-डे

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल फिरोजपुर में ग्रैंडपेरेंट्स डे बड़े उत्साह, प्यार और खुशियों के साथ मनाया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में दादा-दादी और नाना-नानी के महत्व से अवगत करवाने के साथ-साथ उन्हें पारिवारिक मूल्यों, सम्मान, संस्कारों और अपनी परंपराओं से जोडऩा था। इस अवसर पर डा.गौरव सागर भास्कर चेयरमैन, डा.एस.एन रुद्रा डायरेक्टर, और परमवीर शर्मा चीफ एडमिनिस्ट्रेटर विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान दादा-दादी, नाना-नानी और उनके पोते-पोतियों को एक ही मंच पर एकत्रित होकर यादगार पल बिताने का अवसर मिला। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग नृत्य, सुरीली गायकी और अपने दादा-दादी व नाना-नानी को समर्पित भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत की गईं। इसके अलावा मनोरंजक खेलों और रैंप वॉक ने समारोह की रौनक को और बढ़ा दिया। बुजुर्गों के चेहरों पर खिली मुस्कान और बच्चों के उत्साह ने इस समारोह को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डा. एस.एन रुद्रा डायरेक्टर ने कहा कि परिवार में दादा-दादी और नाना-नानी की मौजूदगी बहुत जरूरी है, क्योंकि बुजुर्ग ही घर में मर्यादा, अनुशासन, संस्कार और परंपराओं की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के पहले दोस्त उसके दादा-दादी या नाना-नानी होते हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों के सबसे प्यारे दोस्त उनके पोते-पोतियां बन जाते हैं। यह रिश्ता प्यार, विश्वास और अपनेपन का ऐसा अनमोल बंधन है, जिसकी तुलना किसी अन्य रिश्ते से नहीं की जा सकती। डा.रुद्रा ने आगे कहा कि बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके अंदर ऐसे संस्कार और मूल्य पैदा करना भी बहुत जरूरी है, जिनके माध्यम से वे अपने महान गुरुओं, विरासत, संस्कृति और परंपराओं को हमेशा याद रखें और उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि स्कूल आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने संस्कारों, विरासत और परंपराओं से जोडऩे के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर डा.गौरव सागर भास्कर चेयरमैन ने कहा कि आज के तेजी से बदलते युग में घर में बुजुर्गों का होना पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के प्रभाव के कारण बच्चों में बड़ों के प्रति सम्मान और पारिवारिक रिश्तों की समझ कम होती जा रही है। ऐसे समय में बुजुर्ग अपने जीवन के अनुभव और समझदारी के माध्यम से बच्चों के अंदर सम्मान, धैर्य, दया, प्यार और कृतज्ञता की भावना पैदा करने में अहम भूमिका निभाते हैं। डा.भास्कर ने कहा कि बुजुर्ग दो पीढ़ों ीं के बीच एक मजबूत पुल का काम करते हैं। उनका अनुभव बच्चों को वह जीवन-शिक्षा देता है, जो केवल किताबों से प्राप्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि घर केवल ईंटों और दीवारों से नहीं बनता, बल्कि उसमें रहने वाले लोगों, आपसी रिश्तों, प्यार और संस्कारों से बनता है। उन्होंने कहा कि घर के बुजुर्ग परिवार को मजबूती, अपनापन और सही दिशा प्रदान करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोढ़कर रखते हैं।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में प्यार, खुशियों और पारिवारिक मूल्यों के साथ मनाए गए ग्रैंडपेरेंट्स–डे समारोह की तस्वीरें।

हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए आप हल्का इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी

डेली आवाज भारती

कुराली/मनीष : सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ मंदिर में गुरशरणसिंह बिन्द रखिया संगठन इंचार्ज की देखरेख में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के हल्का इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी हाजिरी लगवाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान एवं सदस्य भी मौजूद रहे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इनमें अमनदीप सिंह रॉकी, प्रधान यूथ विंग खरड़, सुशील कुमार नीटू, ब्लॉक प्रधान, विशाल धीमान, वाइस ब्लॉक प्रधान, अभिषेक बंसल, यूथ मेंबर, अवतार सिंह, सीनियर मेंबर, सुरिंदर धीमान,सीनियर मेंबर, सुरिंदर कौर, महिला विंग प्रधान तथा ऋतु सूद, महिला विंग खरड़ प्रधान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर परविंदर सिंह गोल्डी ने धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने धार्मिक आयोजनों को समाज में आपसी भाईचारा और सकारात्मक वातावरण मजबूत करने वाला बताया। उल्लेखनीय है कि परविंदर सिंह गोल्डी आम परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत छात्र राजनीति से की और पहले पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रधान रहे। इसके बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी के छात्र विंग पंजाब के प्रधान तथा पंजाब यूथ विंग के प्रधान के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई।

रंजिशन घर में दाखिल होकर व्यक्ति को मारपीट करके किया जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन घर में दाखिल होकर व्यक्ति को रंजिशन मारपीट करके जख्मी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में कुलवंत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह वासी तुलसी वाला ने बताया कि उसे कुछ दिन पहले मोबाईल फोन पर अंकुश पुत्र करतार सिंह उर्फ काका वासी कुटी मौड़ का फोन आया था कि तुम कहा तो तो उसने कहा मैं घर पर हूं और वह खाना खाकर सो गया। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद 12 बजे के करीब अंकुश पुत्र करतार सिंह उर्फ काका व उसका भाई और जसप्रीत सिंह वासी कुटी मौड़ उसके घर पर आए और उन्होंने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जख्मी कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसका अंकुश आदि के साथ ट्रकों के बात को लेकर विवाद था, जिसके चलते दोषियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर

एस.पी.सी.ए फिरोजपुर द्वारा लावारिस पशुओं के इलाज के लिए लगाया गया कैंप

- बाल गोपाल गौशाला में लावारिस और बेसहारा गायों का कैंप लगाकर किया गया उपचार

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): उपायुक्त-कम-चेयरपर्सन सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी-टू-एनिमल्स फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार और उप-निर्देशक पशुपालन विभाग-कम-महासचिव सोसायटी फॉर-द-प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स फिरोजपुर डा.लखविंदर सिंह की देख-रेख में बाल गोपाल गौशाला जीरा गेट फिरोजपुर शहर में लावारिस और बेसहारा गायों के इलाज के लिए मुफ्त कैंप लगाया गया। इस दौरान डा.लखविंदर सिंह ने बताया कि इस कैंप में कुल 12 लावारिस घायल गायों का इलाज किया गया और दवाएं भी बांटी गईं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के अंतगर्त आने वाली सभी गौशालाओं में समय-समय पर पशुपालन विभाग द्वारा मुह-खुर और लम्पी स्किन जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए मुफ्त टीकाकरण किया जाता है। इस कैंप में रोहित देवगन फाउंडर बाल गोपाल गौशाला, लविश कुमार और पशुपालन विभाग की ओर से डा.गुरविंदर सिंह सीनियर वेटरनरी अफसर, डा.गुरनूर सिंह वेटरनरी अफसर, रणधीर सिंह वेटरनरी इंस्पेक्टर और साहिल उपस्थित थे।

ऐस.पी.सी.ए. (SPCA) फ़िरोज़पुर
Society for the Prevention of Cruelty to Animals

एस.पी.सी.ए फिरोजपुर की तरफ से लगाए कैंप में जानकारी देते हुए डाक्टर।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 8.59 ग्राम हैरोइन के साथ 3 को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी, सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8.59 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मेहर सिंह वाला के नजदीक से जगजीत सिंह पुत्र जवंद सिंह वासी गांव कस्सोआना को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन और थानासिटी जीरा के एस.आई सतवंत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक से शक के अधार पर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र देवी दियाल सिंह वासी समाधी मुहल्ला जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.59 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर बीरा पुत्र मुख्तैयार सिंह वासी गांव कुतबपुरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे जगदीप सिंह, शमशेर सिंह व सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त सभी लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही फिरोजपुर की बेटी चर्चा में

सीनेट चुनाव लड़ रही रूप कमल चावला कंबोज उठा रही है सबसे अलग मुद्दे

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आगामी 20 सितंबर को पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के होने जा रहे सीनेट चुनावों में फिरोजपुर की बेटी रूप कमल चावला कंबोज (धर्मपत्नी गुरभेज सिंह टिब्बी) ग्रेजुएट कांस्टीचूएंसी से चुनाव मैदान में उतरी है, परंतु उसके द्वारा उठाए जा रहे कुछ खास मुद्दों के कारण वह चर्चा में है। मालूम हो कि सीरियल नंबर 41 के लिए वोटें मांग रही रूप कमल द्वारा सीनेट वोटों के लिए खास घोषणा पत्र तैयार किया गया है। उनका कहना है कि अगर वह जीत जाती हैं तो बॉर्डर एरिया के जिलों के लिए वह दिन-रात एक करके विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए खास छूट करवााने के लिए जंग जारी रखेंगी। कॉलेजों, स्कूलों और गांवों में जाकर वोटें मांग रही रूप कमल चावला कंबोज ने कहा कि उनके मुख्य मुद्दों में फिरोजपुर में पंजाब यूनिवर्सिटी का रीजनल सेंटर, मालवा क्षेत्र के लिए रीजनल एडमिनिस्ट्रेटिव दफ्तर, सीमावर्ती क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बॉर्डर एरिया 40 किलोमीटर तक करना, सरकारी कॉलेजों में मास्टर डिग्री कोर्सों का विस्तार, सीमावर्ती क्षेत्रों के सरकारी कॉलेजों में स्टाफ की कमी दूर करना आदि मुद्दे मुख्य होंगे। कई अह्म मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही रूप कमल चावला कंबोज की चुनाव मुहिम को हर वर्ग की ओर से बड़ा समर्थन मिलता नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि फिरोजपुर से पिछले 40 साल से कोई सीनेटर नहीं चुना गया जो यूनिवर्सिटी में हमारी बात रख सके। रूप कमल की टीम ने विश्वास जताया कि इस बार फिरोजपुर वासी यह उलांभा उतारने के लिए तत्पर हैं।

सीनेट चुनावों लड़ रुम कमल चावला कंबोज की तस्वीर।

तीसरा आयुष मेडिकल कैंप मोती राम धर्मशाला में आयोजित

तीसरे आयुष मेडिकल कैंप में लोगों को बीमारी से बचाव संबंधी जानकारी देते हुए डाक्टर।

- 589 मरीजों की जांच कर, फ्री शुगर टेस्ट कर दी गई मुफ्त दवाईयां

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आयुष कमिश्नर पंजाब डायरेक्टर ऑफ आयुर्वेदा पंजाब डा.रमन खन्ना, डायरेक्टर ऑफ होम्योपैथी पंजाब डा.हरिन्द्रपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा. रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में तीसरा आयुष मेडिकल कैंप मोती राम धर्मशाला, फिरोजपुर में लगाया गया। इस कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा.राकेश ग्रोवर, डा.सुमित मोंगा और श्रीमती अमनदीप कौर, श्रीमती रुबीना, श्रीमती बेअंत कौर उपवैद्य, तरसेम सिंह, नीरू रानी (योग इंस्ट्रक्टर) और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा.सतनाम सिंह गिल, बलजीत सिंह, विकास कुमार डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में 589 मरीजों की जांच करके फ्री शुगर टेस्ट किए गए और मुफ्त दवाएं बांटी गईं।

290.70 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत पुलिस ने दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 259.97 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना मल्लांवाला, थाना सिटी एवं थाना सदर फिरोजपुर, थाना तलवंडी भाई, थाना घल्लखुर्द, थाना ममदोट और थाना आरफके में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई गुरदेव सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सन्नी पुत्र मंगत राम वासी गली नंबर 3 भारत नगर नाईया वाला वेहड़ा भट्टीयां वाली बस्ती फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 246 ग्राम हेरोइन, इसी थाने के एएसआई रमन कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर धर्मिंद्र पुत्र अमर वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सीआरपी ग्राऊंड से सुखचैन सिंह उर्फ सुखा पुत्र मोहन वासी गांव कोठी राए साहिब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.75 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के इंस्पैक्टर बलराज सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान अटारी गांव के नजदीक से शक के अधार पर सलीम पुत्र राजू वासी बस्ती शेखां वाली नजदीक वाल्मीकि मंदिर फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.82 ग्राम, थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर पवित्र सिंह पुत्र निरवैर सिंह वासी गांव खोसा दल सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर मोटरसाईकिल सवार बलविन्द्र सिंह पुत्र शाम सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह वासी गांव झोक नोध सिंह वाला, जसवीर सिंह पुत्र काला सिंह वासी कालु वाली ढाणी दाखली गांव हबीब वाला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन,थाना घल्लखुर्द के एएसआई हरनिज्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान लवप्रीत सिंह उर्फ लभी पुत्र वीरु वासी सोढी नगर व अनंदीप सिंह उर्फ रिंकू पुत्र बलवीर सिंह वासी वार्ड नंबर 8 गांव कब्बरवच्छा रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7.8 ग्राम हेरोइन और थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गोरा सिंह उर्फ शाम सिंह पुत्र शिंगारा सिंह वासी कोठे शेर गंज जगरावां हाल अबाद अजीत नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.65 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

धोखे से व्यक्ति को युवती ने अपनी जगह पर बुलाकर उससे ढाई लाख की राशि हासिल की

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर युवती और उसके तीन साथियों सहित 3 अज्ञात पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने गांव अनार कली वासी व्यक्ति को धोखे से अपने पास बुलाकर उससे साजिश तहत लाखों की राशि प्राप्त करने वाली युवती, उसके तीन साथियों सहित 3 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के एएसआई मलकीत कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरमुख सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव अनार कली ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मोबाईल फोन पर परमिन्द्र उर्फ रिंपी संधू का फोन आया और उसने कहा कि गल्ती से फोन लग गया है, जिसके बाद वह उसे बार-बार फोन करने लगी और उसकी परमिन्द्र कौर से बाते होने लगी। पीड़ित ने बताया कि 12 सितंबर को उसे 12 बजे परमिन्द्र उर्फ रिंकी संधू का फोन आया की तुम कहा हो तुम सतीऐवाला बाईपास पर आ जाओ तो वह वहां आ गया। पीड़ित ने बताया कि परमिन्द्र उर्फ रिंपी संधू ने उसे कोई मिठी चीज खिला दी, जिसको खाकर वह बेसुद हो गया और परमिन्द्र कौर ने दविन्द्र सिंह पुत्र मेजर सिंह वासी गांव रहीमेके, गगन, मनदीप और 3 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसे साजिश तहत किसी जगह ले जाकर नंगा करके उसकी फोटो करने के साथ-साथ वीडीओ बना ली। जिसके बाद दोषियों ने उससे 10 लाख रुपए की मांग की। पीड़ित ने बताया कि बदनामी के जडर से उसने मौके पर ही 50 हजार रुपए दविन्द्र सिंह के नंबर पर डाल दिए और 2 लाख रुपए उसने गुरजंट सिंह अपने रिश्तेदार से मंगवाकर दोषियों को दिए है।

मुख्यमंत्री स.भगवंत मान के जीवन संघर्ष, ईमानदारी एवं लोक-सेवा को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई लोगों को

मुख्यमंत्री स.भगवंत मान के जीवन संघर्ष, ईमानदारी एवं लोक–सेवा को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखते हुए लोग व गणमांय।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मुख्यमंत्री स.भगवंत सिंह मान के जीवन संघर्ष, ईमानदारी और लोक-सेवा को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री सतौज से संसद तक फिरोजपुर हलके के लोगों को दिखाई गई। इस दौरान विधायक हलका फिरोजपुर शहर स.रणबीर सिंह भुल्लर ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री को देखने के लिए इलाका वासियों और नौजवानों में भारी उत्साह और अलग ही चाव देखने को मिला। उन्होंने बताया कि उपस्थित संगत ने देखा कि कैसे एक साधारण परिवार के नौजवान ने अपनी मेहनत से सतौज से सफर शुरू करके संसद तक पहुंच बनाई और आज पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर ईमानदारी से प्रदेश की काया पलट रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के मौजूदा कार्यकाल के दौरान पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली, नौजवानों को पक्की नौकरियां और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक काम हुए हैं, उन्होंने पंजाबियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने इस विशेष प्रोग्राम में भारी हाजरी भरकर इसे सफल बनाने के लिए फिरोजपुर शहर के समूह निवासियों, पार्टी वर्करों और सभी शख्सियतों का दिल से धन्यवाद किया।

लोक अदालत के जरिए न्याय की राह आसान बनाने में योगदान दे रहीं नविता सिंघल

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फिरोजपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोक अदालत की सदस्य नविता सिंघल पत्नी सीए गगनदीप सिंघल ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान उनकी ड्यूटी सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुश्री राधिका लिखी के साथ लगाई गई। मालूम हो कि लोक अदालत की सदस्य नविता सिंघल पिछले करीब ढाई वर्षो से जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रही हैं और बीते शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उन्होंने जज राधिका लिखी के साथ मामलों के निपटारे की प्रक्रिया में सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। नविता सिंघल सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। लोक अदालत के माध्यम से आम लोगों को त्वरित, सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने की दिशा में भी वह निरंतर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

लोक अदालत में सेवाऐं देती हुई नविता सिंघल की तस्वीर।

गांव किल्ली में कांग्रेस को मिली मजबूती, कई परिवार अकाली दल छोढ़कर कांग्रेस में हुए शामिल

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): गांव किल्ली में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा समर्थन मिला जब पूर्व सरपंच बलबीर सिंह का पूरा परिवार और पंचायत सदस्य गुरो रानी सहित कई परिवार अकाली दल को अलविदा कहकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमिंदर सिंह आवला ने नए शामिल हुए परिवारों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी में उचित मान-सम्मान देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, बूटा सिंह, करनबीर सिंह, सुरजन सिंह, गुरजंट सिंह, लखविंदर सिंह, स्वर्ण सिंह, कारज सिंह, सुरजन, जंड, गुरमीत सिंह और लब्बू सहित अन्य परिवार कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में तलाशी दौरान 13 ग्राम नशीला पाऊडर और 13 कैप्सल बरामद

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में बीते दिन जेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने तलाशी के दौरान जेल में बंद हवालातियों नशीला पाऊडर और नशीले कैप्सूल बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सुपरिटेंडेंट के बयान पर दो हवालातियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन जेल में चलाए तलाशी अभियान के दौरान हवालाती पवन कुमार पुत्र फूल चंद वासी गांव अजीमगढ़ मॉडल पब्लिक स्कूल के बैक साईड अबोहा व गुरजीत सिंह उर्फ गुरी उर्फ सुच्चा पुत्र सुरजीत सिंह वासी गांव खानेके अहल से 13 ग्राम नशीला पाऊडर और 13 लाल रंग के कैप्सूल बरामद किए है। मामले की जांच कर रहे सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोनों हवालातियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पिंड पखों कलां में मुफ्त आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक मेडिकल कैंप

डेली आवाज भारती

तपा/राकेश जेट्ठीः पंजाब सरकार के स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत गांव पखों कलां के बड़ा गुरुद्वारा साहिब में एक विशाल मुफ्त आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमन कौशल, गांव के सरपंच मोहन सिंह तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह कैंप प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पंजाब श्री कुमार राहुल, डायरेक्टर आयुर्वेद पंजाब डॉ. रमन खन्ना तथा डायरेक्टर होम्योपैथी पंजाब डॉ. हरिंदरपाल सिंह के निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। कैंप की अगुवाई जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमन कौशल तथा जिला होम्योपैथी अधिकारी राजीव जिंदिया ने की। कैंप के दौरान 700 से अधिक मरीजों की मुफ्त जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। आयुर्वेदिक विभाग की ओर से 377 मरीजों की जांच की गई। डॉ. अमनदीप सिंह (ए.एम.ओ.) और डॉ. हरजोत शर्मा (ए.एम.ओ.) ने मरीजों की जांच की, जबकि गुरशिंगार सिंह, श्री नवराज सिंह और ललित कुमार (उपवैद्य) ने मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। वहीं, होम्योपैथिक विभाग की ओर से 330 मरीजों की जांच की गई। डॉ. जसदीप सिंह और डॉ. परमिंदर पुन्न ने मरीजों की जांच की तथा श्री गुरचरण सिंह औलख और श्री इंदरजीत ने मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बरनाला डॉ. अमन कौशल ने कहा कि आयुर्वेद में ऋतुओं के अनुसार आहार-विहार को 'ऋतुचर्या' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ऋतु में शरीर की दोष स्थिति और पाचन शक्ति में बदलाव आता है। इसलिए मौसम के अनुसार उचित खान-पान अपनाना स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है। अंत में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस मेडिकल कैंप को सफल बनाने के लिए गांव पखों कलां के गणमान्य एवं प्रतिष्ठित लोगों–नाजर सिंह, गुरजंट सिंह, हरजिंदर सिंह तथा गुरुद्वारा साहिब के प्रधान बलवीर सिंह–द्वारा दिए गए पूर्ण सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद किया।

जिला बरनाला में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन, 13,798 मामलों का निपटारा

डेली आवाज भारती

बरनाला, (हेमंत मित्तल)।राष्ट्रीय कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर के दिशा-निर्देशों के तहत आज जिला कचहरी परिसर, बरनाला में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सस्ता, सुगम एवं त्वरित न्याय उपलब्ध करवाना तथा आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का स्थायी समाधान करना था। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला मिस अंशुल बेरी के मार्गदर्शन में मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से निपटारा सुनिश्चित करने के लिए कुल 8 बेंचों का गठन किया गया। इन बेंचों द्वारा प्री-लिटिगेशन तथा अदालतों में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई।

इन बेंचों की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री बिक्रमजीत सिंह, प्रिंसिपल जज (फैमिली कोर्ट) श्री दीपक कुमार चौधरी, चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट श्री अनीश गोयल, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) श्री गुरदर्शन सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) श्री अभिषेक पाठक, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मिस गीतांशु तथा चेयरमैन (स्थायी लोक अदालत) श्री राजिंदरपाल गोयल द्वारा की गई। श्री अनीश गोयल, सचिव (प्रभारी), जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 16,395 मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे। इनमें से 13,798 मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निपटारा किया गया तथा कुल ` 9,85,90,120 (नौ करोड़ पचासी लाख नब्बे हजार एक सौ बीस रुपये) के अवॉर्ड पारित किए गए। इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिस अंशुल बेरी ने कहा कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निपटारा प्रणाली का एक बेहद प्रभावी माध्यम है। इससे न केवल पक्षकारों के बहुमूल्य समय और धन की बचत होती है, बल्कि समाज में भाईचारा, सद्भावना और शांति भी मजबूत होती है। उन्होंने कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि लोक अदालत में पारित किया गया अवॉर्ड सिविल कोर्ट की डिक्री के बराबर माना जाता है और इसके खिलाफ कोई अपील नहीं होती। इस मंच के माध्यम से मामले का निपटारा होने के बाद नियमों के अनुसार अदा की गई कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है।

परमिंदर सिंह गोल्डी की अगुवाई में खरड़ हलके में सखियों बहनों की मिलनी, बड़ी संख्या में महिलाओं ने की शिरकत

पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल और गायत्री बिश्नोई ने की विशेष शिरकत

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): खरड़ हलके के डिवाइन रिजॉर्ट, कुराली-मोरिंडा रोड, कुराली में सखियों बहनों की मिलनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बीबियों-बहनों ने उत्साह के साथ शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ आपसी विचार-विमर्श किया गया तथा उनके विचारों और सुझावों को साझा किया गया। इस मौके पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल तथा गायत्री बिश्नोई, पंजाब की राज्य ऑब्जर्वर एवं आम आदमी पार्टी राजस्थान की महिला विंग की अध्यक्ष, ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में परमिंदर सिंह गोल्डी, हलका इंचार्ज खरड़ एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड ने पहुंची सभी बीबियों-बहनों का धन्यवाद किया। उन्होंने सखियों बहनों द्वारा हर गली-मोहल्ले और सड़क तक पहुंचकर लोगों से संपर्क बनाने तथा मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के कार्ड बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपने विचार साझा करने और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त महिला नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा उपस्थित बीबियों-बहनों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महिला विंग की पूरी टीम सहित ÷मावां-धियां सत्कार योजना÷ से जुड़ी सखियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन की जिम्मेदारी जसप्रीत कौर, सरपंच झिगरा कलां ने निभाई। इस मौके प्रभजोत कौर (जिला प्रधान), कश्मीर कौर (जिला प्रधान, महिला विंग), हरप्रीत कौर (हलका कोऑर्डिनेटर), गुरशरण सिंह (हलका संगठन इंचार्ज) और स्वर्णजीत कौर (मालवा ईस्ट जोन इंचार्ज) सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, गंभीर रुप से घायल हुआ युवक

डेली आवाज भारती (क्राइम)

बरनाला (नवीन सिंगला काली) राष्ट्रीय हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक को गंभीर चोटें आईं। थाना धनौला पुलिस ने मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में सुनील कुमार पुत्र सावर मल, निवासी वार्ड नंबर 09, अठबंगा, थाना खंडेला, जिला सीकर (राजस्थान), हाल आबाद माखन लाल डॉक्टर की दुकान, जैजकी पत्ती कालेके, ने बताया कि वह भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर ड्यूटी करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका भाई मदन लाल मोटरसाइकिल नंबर PB19W3484, हीरो एचएफ डीलक्स, काले रंग पर सवार होकर उसे रोटी पकड़ाने के लिए पेट्रोल पंप पर आया था। जरूरी काम होने के कारण मदन लाल कुछ समय बाद अपने भाई से अलग होकर दूसरे मोटरसाइकिल पर गांव कालेके की ओर चला गया। बताया गया है कि मदन लाल जब नेशनल हाईवे संगरूर-बठिंडा पर डेरा सतगुरु तूं के कट से मोटरसाइकिल मोड़कर सड़क पर चढ़ चुका था, तभी संगरूर की ओर से आ रही सफेद रंग की I-20 कार नंबर PB10GB6034 के चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार और गलत दिशा से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के कारण मदन लाल को काफी गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में राजन सिंह पुत्र जगसीर सिंह, निवासी संगरूर, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका को लेकर जांच कर रही है।

बेखौफ मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर, उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत

डेली आवाज भारती (क्राइम)

बरनाला (राकेश जेठी) थाना टल्लेवाल पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले में मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हादसा गांव भोतना के पास हुआ, जहां कथित तौर पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने आगे आकर रास्ता रोक दिया और मोटरसाइकिल टकराने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दिए बयान में अमनदीप कौर पत्नी स्वर्गीय हरजीत सिंह, निवासी बख्तगढ़, ने बताया कि 3 सितंबर 2026 को उसका पति हरजीत सिंह अपनी निजी ड्यूटी के सिलसिले में गांव टल्लेवाल गया था। काम समाप्त करने के बाद वह अपने गांव बख्तगढ़ वापस लौट रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने जेठ के साथ अपने पति के पीछे-पीछे जा रही थी। जब वे गांव भोतना की सीमा के पास पहुंचे तो अचानक एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने कथित तौर पर अपना मोटरसाइकिल आगे करके रास्ता रोक दिया। इसी दौरान शिकायतकर्ता के पति की मोटरसाइकिल उक्त अज्ञात मोटरसाइकिल चालक से टकरा गई। हादसे में हरजीत सिंह को गंभीर चोटें लगीं। पहले उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल बरनाला में दाखिल करवाया गया। हालत को देखते हुए बाद में उसे रैफर कर एम्स अस्पताल बठिंडा में भर्ती करवाया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उपचार के दौरान हरजीत सिंह की मौत हो गई। मामले में कुलबीर सिंह उर्फ कीरा पुत्र साधु सिंह, निवासी भोतना, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा हादसे से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

अनाज मंडी में छापेमारी, नशीली दवाओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 110 अल्प्राजोलम गोलियां बरामद

डेली आवाज भारती (क्राइम)

बरनाला (नवीन सिंगला काली) थाना सिटी-1 बरनाला पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर नशीली गोलियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं को कथित तौर पर 110 अल्प्राजोलम गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार रामबाग की बाइक साइड, सेखा बस्ती बरनाला में रहने वाली लक्ष्मी कौर पत्नी पप्पू सिंह और रानो पत्नी सरबजीत सिंह के खिलाफ पहले मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों के ठिकाने पर कार्रवाई की और उन्हें नशीली गोलियों सहित काबू किए जाने की बात कही है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान दोनों के कब्जे से मार्का,घ्रश्चह्वड्ड5श्चघ्रड्डद्ध की 110 नशीली गोलियां बरामद होने का दावा किया गया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मीत सिंह पुत्र सोहन सिंह, निवासी सेखा बस्ती, नजदीक छज्जू रोशन का कारखाना, बरनाला तथा बलजीत सिंह पुत्र रूप सिंह, निवासी बदियाला, जिला बठिंडा को भी मामले में नामजद कर गिरफ्तार किया। पुलिस अब मामले में नशीली गोलियों की सप्लाई और आरोपियों के आपसी संपर्क सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

पुलिस को देखकर घबराई महिला, तलाशी में 47 नशीली गोलियां बरामद

डेली आवाज भारती (क्राइम)

धनौला (हरप्रीत शर्मा) थाना धनौला पुलिस ने गश्त के दौरान एक महिला को कथित तौर पर नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार महिला के कब्जे से 47 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार गश्ती पार्टी को पशु चढ़ाने वाले ठेके के पास एक महिला दिखाई दी, जिसके हाथ में पारदर्शी प्लास्टिक का लिफाफा था। पुलिस को देखकर महिला कथित तौर पर वहां से खिसकने का प्रयास करने लगी। पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक लिफाफे में रखी 47 खुली नशीली गोलियां बरामद किए जाने की बात पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। आरोपी महिला की पहचान करमजीत कौर पत्नी शिव कुमार उर्फ सोनी, निवासी नजदीक लाभ दास का डेरा, जोगी बस्ती, धनौला के रूप में बताई गई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और नशीली गोलियों के स्रोत तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

पी.ए.यू. फार्म सलाहकार सेवा केंद्र द्वारा गांव बदरा में पराली प्रबंधन एवं मिट्टी की सेहत संबंधी जागरूकता कैंप

डेली आवाज भारती

ਫਾਰਮ ਸਲਾਹਕਾਰ ਸੇਵਾ ਕੇਂਦਰ, ਬਰਨਾਲਾ
ਪਰਾਲੀ ਦੀ ਸੁਚੱਜੀ ਸਾਂਭ-ਸੰਭਾਲ ਸਬੰਧੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਕੈਂਪ
ਪੰਜਾਬ ਖੇਤੀਬਾੜੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ, ਲੁਧਿਆਣਾ
GPS Map Camera

बरनाला/नवीन सिंगलाः पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.) के फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, बरनाला द्वारा धान की पराली के उचित प्रबंधन और मिट्टी की सेहत में सुधार के उद्देश्य से गांव बदरा में एक विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. अमनदीप कौर, जिला प्रसार वैज्ञानिक, फार्म सलाहकार सेवा केंद्र बरनाला ने किसानों से अपील की कि वे धान की पराली को आग लगाने के बजाय खेत में ही वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधित करें। उन्होंने हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पी.ए.यू. स्मार्ट सीडर तथा सरफेस सीडिंग-कम-मल्चिंग विधि के माध्यम से गेहूं की बुवाई की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मिट्टी परीक्षण के लिए नमूना लेने के सही तरीके की जानकारी दी और बताया कि मिट्टी की जांच के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का आवश्यकता अनुसार संतुलित उपयोग करने से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की सेहत भी बेहतर बनी रहती है। कैंप के दौरान किसानों को रबी सीजन में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों, जैसे गेहूं और राया की नई अनुशंसित किस्मों से अवगत करवाया गया। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करते हुए विशेषज्ञों ने रबी सीजन की तिलहनी फसलों, दलहनों और सब्जियों की खेती संबंधी भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। धान और बासमती की फसल में फोक कम करने के लिए बालियां निकलने के समय 1.5 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट के छिड़काव की सलाह दी गई। इसके लिए 3 किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव करने की सिफारिश की गई। इसके अलावा पत्ता लपेट सुंडी, शीथ ब्लाइट और ब्लास्ट जैसी बीमारियों एवं कीटों के प्रबंधन के लिए पी.ए.यू. की नई सिफारिशों की जानकारी भी किसानों के साथ साझा की गई। घरेलू बागवानी के महत्व को ध्यान में रखते हुए कैंप के दौरान किसानों को पी.ए.यू. द्वारा तैयार की गई सर्दी के मौसम की सब्जियों की किटें और कृषि संबंधी साहित्य भी वितरित किया गया। कैंप में किसानों द्वारा पूछे गए कई सवालों, जैसे गेहूं की नई किस्मों के बीज तथा भूमि में जैविक पदार्थ बढ़ाने के तरीकों संबंधी प्रश्नों के विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिए गए। इस अवसर पर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना द्वारा रबी सीजन के लिए आयोजित किए जाने वाले आगामी किसान मेलों का प्रचार-प्रसार भी किया गया। अंत में विशेषज्ञों की टीम ने गांव धूरकोट में धान की सीधी बुवाई संबंधी प्रदर्शनों

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खजान सिंह सरकारी हाई स्कूल बदरा के खिलाड़ियों ने हासिल किए अग्रणी स्थान

भाला फेंक में जगजीत प्रथम और टिंकू दूसरे स्थान पर रहे

डेली आवाज भारती

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खजान सिंह सरकारी हाई स्कूल बदरा के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान करती हुई स्कूल हेड मिस्ट्रेस सरिता रानी एवं शिक्षक

बरनाला। स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब द्वारा आयोजित की गई 70वीं पंजाब राज्य जोनल स्कूल खेलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खजान सिंह सरकारी हाई स्कूल बदरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अग्रणी स्थान हासिल किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी (से.शि.) सुनीतइंदर सिंह गिल और उप जिला शिक्षा अधिकारी (से.शि.) डॉ. बरजिंदरपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित जोनल स्कूल खेलों के कराटे अंडर-14 वर्ष (लड़कियों) वर्ग में प्रभजोत कौर ने पहला और नीतू कौर ने भी पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 वर्ष कराटे (लड़कियों) में कमलजोत कौर ने पहला तथा हरनूर कौर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी सर्कल स्टाइल अंडर-17 वर्ष (लड़कों) में स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 वर्ष (लड़कों) की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में दपिंदर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ष (लड़कों) में जगजीत सिंह ने जैवलिन थ्रो में पहला तथा डिस्कस थ्रो में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं टिंकू सिंह ने जैवलिन थ्रो में दूसरा और ट्रिपल जंप में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। डीपीई हरजीत सिंह जोगा ने बताया कि इसी तरह जिला स्तरीय स्कूल खेलों के अंडर-17 वर्ष पावर लिफ्टिंग मुकाबलों में लड़कियों के वर्ग में कमलजोत कौर, कोमल और सहजप्रीत कौर ने पहला स्थान हासिल किया। लड़कों के वर्ग में हैप्पी सिंह, जगजीत सिंह और टिंकू सिंह ने तीसरा, जबकि अजयवीर सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की हेड मिस्ट्रेस सरिता रानी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक कुलविंदर सिंह और कुलवंत सिंह ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

मोहाली, सोमवार
14 सितंबर 2026
आवाज भारती

हेल्थ फिटनेस

तनाव और अनिद्रा से हैं परेशान

रोज 10 मिनट करें शवासन, मिलेगा गहरा सुकून

शवासन सिर्फ आराम करने का तरीका नहीं है बल्कि यह शरीर की सारी थकान को दूर कर, नई ऊर्जा भरने का सबसे अच्छा साधन है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने शवासन के लाभ के बारे में बताया है। उनके अनुसार, यह आसन तनाव और चिंता को करने में मदद करता है। नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है और अनिद्रा की समस्या को दूर करता है।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में काम का प्रेशर और घंटों मोबाइल-लैपटॉप में व्यस्त रहने से शरीर और मन दोनों ही थक जाता है। ऐसे में योग एक अद्भुत और असरदार आसन है %शवासन%। यह सिर्फ शरीर की सारी थकान को दूर कर, नई ऊर्जा भरने का सबसे अच्छा साधन है। यह एक विश्राम की मुद्रा है, जिसमें शरीर को बिल्कुल ढीला छोड़ दिया जाता है। 'शव' यानी मृत शरीर के समान लेटना। देखने में यह सबसे आसान मुद्रा लगती है, लेकिन असल में यह सबसे कठिन आसनों में से एक माना जाता है क्योंकि इस आसन को करने के दौरान शरीर को पूरी तरह ढ़ीला छोड़कर मन को शांत करना आसान नहीं है। शवासन सिर्फ आराम करने का तरीका नहीं है बल्कि यह शरीर की सारी थकान को दूर कर, नई ऊर्जा भरने का सबसे अच्छा साधन है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने शवासन के लाभ के बारे में बताया है। उनके अनुसार, यह आसन तनाव और चिंता को करने में मदद करता है। नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है और अनिद्रा की समस्या को दूर करता है। साथ ही, यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। शवासन मस्तिष्क को शांत कर एकाग्रता बढ़ाता है। इसके नियमित अभ्यास से मांसपेशियों में तनाव कम होता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यह योग का सबसे सरल लेकिन प्रभावी आसन माना जाता है, जो तनाव, चिंता और थकान को कम करता है। यह शरीर की कोशिकाओं और तंत्रिका तंत्र को गहरी विश्रांति देकर नई ऊर्जा प्रदान करता है। शवासन का नियमित अभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। शवासन भले ही सरल आसन है लेकिन, एक्सपर्ट इसके अभ्यास में भी सावधानियां बरतने की भी सलाह देते हैं। शवासन के दौरान नींद में न जाएं, क्योंकि इसका उद्देश्य सचेतन विश्राम है। गर्भवती महिलाएं या कमर दर्द से पीड़ित लोग इसे करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें।

सिर्फ स्वाद नहीं, सेहत का आधार है आयुर्वेद आहार

आयुष मंत्रालय ने बताया महत्व

आज के समय में लोग अपने खान-पान को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। क्या खाना चाहिए, किस तरह का भोजन हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए और पारंपरिक खान-पान को किस नजरिए से देखा जाए, इन सवालों पर लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। ऐसे में आयुर्वेद आहार की अवधारणा को समझना जरूरी हो जाता है। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आयुर्वेद आहार यानी ऐसा आहार, जिसकी अवधारणा आयुर्वेद के सिद्धांतों और पारंपरिक ज्ञान से जुड़ी है। इसे समझने के लिए केवल भोजन पर ध्यान देना काफी नहीं है। इसके साथ हमारी परंपरा और भोजन से जुड़े तय मानकों को भी समझना जरूरी है। आयुर्वेद आहार के लिए एक निर्धारित नियामक व्यवस्था भी मौजूद है। खाद्य सुरक्षा और मानक (आयुर्वेद आहार) विनियम, 2022 के तहत आयुर्वेद आहार के लिए एक नियामक ढांचा तैयार किया गया है। इसमें श्रेणी ए की व्यवस्था भी शामिल है। इसका उद्देश्य आयुर्वेद आहार के उत्पादन और उससे जुड़ी जानकारी को एक व्यवस्थित और जिम्मेदार ढांचे में लाना है।

आयुर्वेद आहार को आसान भाषा में समझने के लिए तीन बातें सबसे महत्वपूर्ण हैं- आहार, परंपरा और मानक।

पहला है आहार। इसका सीधा मतलब है कि हम क्या खाते और पीते हैं। हमारे रोजमर्रा के भोजन में शामिल सभी चीजें हमारी आहार व्यवस्था का हिस्सा हैं। आयुर्वेद में भोजन को केवल भूख मिटाने का साधन नहीं माना जाता, बल्कि खान-पान और जीवनशैली को भी महत्वपूर्ण माना गया है।

दूसरा है परंपरा। भारत में भोजन से जुड़ा ज्ञान और तरीके सदियों से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचते रहे हैं। अलग-अलग इलाकों में मौसम, स्थानीय उपलब्धता और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर भोजन तैयार करने और खाने के अलग-अलग तरीके देखने को मिलते हैं। यही पीढ़ियों से चला आ रहा ज्ञान आयुर्वेद आहार को समझने में अहम भूमिका निभाता है।

तीसरा है मानक। किसी भी खाद्य पदार्थ के उत्पादन और उसके बारे में लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए स्पष्ट नियम और जिम्मेदार व्यवस्था जरूरी होती है। मानक इसी व्यवस्था का आधार हैं। ये भोजन के उत्पादन और उससे जुड़ी जानकारी को एक तय ढांचे के भीतर रखने में मदद करते हैं।

सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी वायरस बच्चों के लिए खतरनाक

डब्ल्यूएचओ ने जारी की चेतावनी

बच्चे को नाक बहना, खांसी, छींक या हल्का बुखार हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहा है। ठीक से दूध या खाना नहीं ले पा रहा है। बहुत ज्यादा सुस्त है या उसके होंठ और नाखून नीले पड़ रहे हैं तो इसे गंभीर संकेत मानना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है। आरएसवी से बचाव के लिए रोजमर्रा की कुछ छोटी-छोटी सावधानियां काफी मददगार हो सकती हैं। बच्चे को छूने से पहले और बाद में हाथ अच्छी तरह धोएं, बीमार लोगों से शिशु को दूर रखें और घर में बार-बार छुई जाने वाली सतहों को साफ करते रहें। बच्चे के आसपास धूम्रपान बिल्कुल न करें, क्योंकि धुएं के संपर्क से सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस) सिर्फ एक सामान्य मौसमी वायरस नहीं है। यह दुनियाभर में छोटे बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है। हर साल आरएसवी की वजह से 36 लाख से ज्यादा बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और करीब 1 लाख छोटे बच्चों की जान चली जाती है। इसलिए इसके बारे में सही जानकारी होना और समय पर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आरएसवी एक बहुत संक्रामक वायरस है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। संक्रमित सतह को छूने और फिर आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। यही वजह है कि घर, स्कूल, डे-केयर और भीड़भाड़ वाली जगहों पर छोटे बच्चों को इससे बचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि आरएसवी किसी भी उम्र के व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है, लेकिन छोटे बच्चों, खासकर छह महीने से कम उम्र के शिशुओं में इसका असर ज्यादा गंभीर हो सकता है। समय से पहले जन्मे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले बच्चों में भी गंभीर बीमारी का खतरा अधिक हो सकता है। कई बार शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे ही दिखाई देते हैं, इसलिए माता-पिता के लिए इन्हें पहचानना जरूरी है। बच्चे को नाक बहना, खांसी, छींक या हल्का बुखार हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहा है। ठीक से दूध या खाना नहीं ले पा रहा है। बहुत ज्यादा सुस्त है या उसके होंठ और नाखून नीले पड़ रहे हैं तो इसे गंभीर संकेत मानना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है। आरएसवी से बचाव के लिए रोजमर्रा की कुछ छोटी-छोटी सावधानियां काफी मददगार हो सकती हैं। बच्चे को छूने से पहले और बाद में हाथ अच्छी तरह धोएं, बीमार लोगों से शिशु को दूर रखें और घर में बार-बार छुई जाने वाली सतहों को साफ करते रहें। बच्चे के आसपास धूम्रपान बिल्कुल न करें, क्योंकि धुएं के संपर्क से सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए डॉक्टर से उपलब्ध आरएसवी वैक्सीन या शिशु के लिए आरएसवी एंटीबॉडी जैसे बचाव के विकल्पों के बारे में जानकारी ली जा सकती है। कौन-सा विकल्प उपयुक्त है, यह मां और बच्चे की स्थिति के आधार पर डॉक्टर तय कर सकते हैं।

'कुछ दर्द दिखाई नहीं देते', जानिए मानसिक पीड़ा से जुड़े 5 बड़े मिथक और उनके तथ्य

मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का उतना ही जरूरी हिस्सा है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य। फिर भी मानसिक परेशानी को लेकर समाज में आज भी कई तरह के भ्रम और झिझक मौजूद हैं। खासकर आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर बात करने के बजाय अक्सर चुप्पी साध ली जाती है। यही चुप्पी कई बार किसी परेशान व्यक्ति को और अकेला महसूस करा सकती है। इसलिए जरूरत है कि हम आत्महत्या से जुड़े मिथकों को समझें, उन्हें तोड़ें और संवेदनशीलता के साथ लोगों का साथ दें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सबसे आम भ्रम है कि जो लोग आत्महत्या की बात करते हैं, वे वास्तव में ऐसा करना नहीं चाहते। हकीकत यह है कि गहरे मानसिक और भावनात्मक दर्द से गुजर रहे कई लोग सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी परेशानी या आत्महत्या से जुड़े विचार व्यक्त कर सकते हैं। ऐसे किसी भी संकेत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दूसरा मिथक है कि किसी व्यक्ति से आत्महत्या के बारे में पूछने से उसके मन में यह विचार आ सकता है। ऐसा नहीं है। संवेदनशीलता और बिना जज किए सीधे बातचीत करना व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करने का मौका दे सकता है। कई बार किसी परेशान इंसान को समाधान से पहले सिर्फ एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जो उसकी बात ध्यान से सुने। यह मानना भी सही नहीं है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति मरने का पूरी तरह दृढ़ निश्चय कर चुका होता है। आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे कई लोग गहरे भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं और उनके मन में दुविधा भी हो सकती है। ऐसे समय में समय पर सहायता और उचित हस्तक्षेप महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

एक और भ्रम है कि आत्महत्या हमेशा बिना किसी चेतावनी के होती है। कई मामलों में व्यक्ति पहले से कुछ संकेत दे सकता है, जैसे लगातार निराश रहना, लोगों से दूरी बनाना, चिड़चिड़ापन, व्यवहार में अचानक बदलाव या मृत्यु के बारे में बात करना। इन संकेतों को गंभीरता से लेना जरूरी है। यह भी जरूरी नहीं कि केवल मानसिक बीमारी से जूझ रहे लोग ही आत्महत्या करते हैं। मानसिक विकार एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक हो सकते हैं, लेकिन आत्महत्या के पीछे मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, जैविक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कई कारणों का जटिल मेल हो सकता है। इसलिए किसी की परेशानी को छोटा न समझें। उसे सुनें, समझें और बिना किसी निर्णय के उसके साथ खड़े रहें। जरूरत महसूस होने पर विशेषज्ञ सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करें। मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 14416 पर संपर्क किया जा सकता है।

औषधीय गुणों से भरपूर है बेल का पेड़

आयुष मंत्रालय ने बताए इसके चमत्कारी गुण

भारत में पेड़-पौधों का महत्व सिर्फ पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि प्राचीन समय से ही कई पौधों का इस्तेमाल औषधीय जरूरतों के लिए भी किया जाता रहा है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पौधा है बेल, जिसे संस्कृत में बिल्व और अंग्रेजी में वुड एप्पल कहा जाता है। नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड, आयुष मंत्राल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बेल के औषधीय महत्व से जुड़ी जानकारी साझा की है। वनस्पति विज्ञान में बेल का नाम एगल मार्मेलोस है और यह रैसेसी परिवार से संबंधित है। यह पेड़ मुख्य रूप से भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया का मूल निवासी माना जाता है। भारत में यह सूखे जंगलों और मैदानी क्षेत्रों में आमतौर पर देखने को मिलता है। खास बात यह है कि बेल अलग-अलग तरह की जलवायु में भी आसानी से पनप सकता है और कम उपजाऊ मिट्टी में भी अच्छी तरह बढ़ने की क्षमता रखता है। बेल का पेड़ मध्यम आकार का पर्णपाती वृक्ष होता है, जिसकी ऊंचाई करीब 15 मीटर तक पहुंच सकती है। इसकी पत्तियां तीन पत्तियों वाले समूह यानी त्रिपर्णी होती हैं और इनमें हल्की सुगंध होती है। बेल के फूल हरे-सफेद रंग के और सुगंधित होते हैं। इसका फल कच्चा और सूखने के बाद भी कई पारंपरिक उपयोगों में काम आता है। आयुर्वेद में बेल को लंबे समय से महत्वपूर्ण औषधीय पौधे के रूप में देखा जाता है। इसके फल, पत्तियां और जड़ विभिन्न पारंपरिक औषधीय उपयोगों में इस्तेमाल किए जाते हैं। विशेष रूप से बेल के फल को पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में उपयोगी माना जाता है। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के अनुसार इसमें एंटी-डायरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे औषधीय गुण बताए गए हैं। इसके अलावा इसमें एंटीबायोटिक और ब्रोंकोडायलेटर गतिविधियों का भी जिक्र किया गया है। बेल का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी काफी गहरा है। भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा सदियों पुरानी है। यही वजह है कि बेल का पेड़ भारतीय परंपरा में औषधीय उपयोग के साथ-साथ आध्यात्मिक दृष्टि से भी विशेष स्थान रखता है।

अगर मुंह के छालों से कान में रहती है टीस तो यहां जानिए कारण और होम्योपैथिक उपचार

मुंह में होने वाले छाले अक्सर असहनीय दर्द का कारण बनते हैं, लेकिन जब इसके साथ कान में भी तेज दर्द या टीस महसूस होने लगे, तो लोग इसे कान का प्राथमिक संक्रमण मान बैठते हैं। होम्योपैथी चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, जब छाले जीभ के पिछले हिस्से, तालू या गले के पास होते हैं, तो वहां की नसें कान से जुड़ी होने के कारण दर्द कान तक पहुंचता है। इसे 'रेफर्ड पेन' कहा जाता है।

जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एन. सी. पंवार बताते हैं कि होम्योपैथी इस समस्या को केवल स्थानीय विकार न मानकर शरीर के आंतरिक असंतुलन, पाचन तंत्र की गड़बड़ी, तनाव और पोषण की कमी के समग्र प्रभाव के रूप में देखती है। पारंपरिक चिकित्सा जहां अक्सर छालों पर केवल दर्द निवारक जेल लगाने तक सीमित रहती है, वहीं होम्योपैथी रोग की जड़ और रोगी के व्यक्तिगत लक्षणों के आधार पर उपचार करती है।

होम्योपैथिक दृष्टिकोण और संभावित औषधियां:

मर्क सॉल : जब मुंह में छाले हों, अधिक लार बह रही हो, रात में दर्द बढ़े और निगलते समय दर्द कान की तरफ खिंचता हुआ महसूस हो, तब यह औषधि अत्यंत प्रभावी मानी जाती है।

नाइट्रिक एसिड : यदि छालों में कांटे चुभने जैसा तीखा दर्द हो, छाले से खून आने की प्रवृत्ति हो और खाते-बोलते समय दर्द सीधा कान की ओर जाए, तो इसका उपयोग लाभदायक रहता है।

बोरेक्स : मुंह के संवेदनशील छालों, जलन और गर्म भोजन से होने वाली अत्यधिक तकलीफ को शांत करने में सहायक सिद्ध होती है।

नक्स वोमिका : पेट में कब्ज, अत्यधिक मसालेदार खान-पान और मानसिक तनाव के कारण बार-बार छाले बनने की स्थिति में यह पेट और नसों दोनों को राहत देती है।

होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. एन. सी. पंवार का कहना है कि बार-बार छाले होना शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी या विटामिन की कमी का संकेत है। उपचार के दौरान तीखे, खट्टे व अत्यंत गर्म भोजन से परहेज, गुनगुने पानी में नमक से कुल्ला और तरल व सुपाच्य आहार लेने से लाभ मिलता है। यदि कान से मवाद, बुखार या सुनने में कमी के लक्षण हों, तो विशेषज्ञ चिकित्सक से संपूर्ण जांच अवश्य करानी चाहिए।

ब्रिक्स सम्मेलन के समापन पर पीएम मोदी बोले- 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' साझा विजन को देगा नई दिशा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन हो गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'ब्रिक्स' सिर्फ देशों का समूह नहीं बल्कि समाधान का इकोसिस्टम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' साझा विजन को नई दिशा देगा। पीएम ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य देशों का आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में शामिल सभी सदस्यों का आभार जताया। पीएम मोदी ने कहा कि आपके महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने हमारे सहयोग को व्यापकता भी दी है और गहराई भी दी है। आप सबकी मौजूदगी ब्रिक्स की बढ़ती उपयुक्तता, उदारता और समावेशिता का प्रमाण है। पीएम मोदी ने कहा, पिछले दो दिनों की हमारी चर्चाओं ने हमारा विश्वास और मजबूत किया है कि ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, समाधान का एक इकोसिस्टम है। हम आशा करते हैं इस समिट से उसमें जोड़े गए 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' हमारे साझा विजन और भविष्य के सहयोग को स्पष्ट दिशा देगा। हमें सभी परिणाम को समयबद्ध एक्शन और अंतिम पायदान पर प्रभाव से जोड़ना होगा।

उन्होंने कहा हमारे फ्रेमवर्क फाइल्स से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन में प्रभाव पैदा करें, इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा, ब्रिक्स अपने तीसरे दशक में प्रवेश करने जा रहा है। अब दुनिया हमसे केवल विचार और प्रतिबद्धता नहीं, कंक्रीट परिणाम की अपेक्षा करती है। मुझे विश्वास है कि हम साझा प्रयासों से इन अपेक्षाओं पर जरूर खरे उतरेंगे। इस मौके पर पीएम मोदी ने ब्रिक्स के अगले होस्ट के तौर पर चीन को एक बार फिर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, नई दिल्ली समिट को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी का और आप सबकी टीम्स का विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। आप सभी की सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना करता हूं। आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद।

जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म के लिए जुटे अविवाहित युवा, प्रसाद में बांटी जाएगी 3500 किलो मेहंदी

डेली आवाज भारती

जयपुर। राजधानी जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी से पहले सिंधारा (सिंजारा) रस्म के लिए बड़ी संख्या में अविवाहित लाइन में लगने लगे हैं। सिंधारा जयपुर की पुरानी परंपरा है। जहां जन्म होने या शादी होने पर नए वस्त्र और मेहंदी चढ़ाई जाती है। मंदिर के पुजारी अभिषेक शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, ÷मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म शाम 6¬30 बजे से मनाया जाएगा। आज शाम भगवान को नई पोशाक और मुकुट धारण कराया जाएगा। जिसके बाद प्रसाद रूपी मेहंदी वितरण की जाएगी। भगवान को चढ़ाए जाने के बाद मेहंदी भक्तजनों को दी जाती है।÷ अभिषेक शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि मेहंदी सिधारे पर भक्त जो भी मनोकामना लेकर आते हैं, वह पूरी हो जाती है। मेहंदी का संबंध विवाह से होता है, इसलिए जो विवाह करने की सोच रहे हैं और जिनका विवाह काफी समय से नहीं हुआ है और जो विवाह योग्य हैं, अगर वे हाथों पर ये मेहंदी रचाते हैं, तो माना जाता है कि एक वर्ष के अंदर विवाह संपन्न हो जाता है। आज का असली प्रसाद मेहंदी ही है। ऐसे में हम लोग जितनी मेहंदी बांट सकते हैं, उतनी बांटने की कोशिश की है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 3500 किलो मेहंदी आई है।

ईमानदारी का दावा करने वाली पंजाब की आप सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी : नायब सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आप ने पंजाब की जनता से जो वादे किए थे, वे झूठे साबित हुए। आप खुद को ईमानदार बताकर सत्ता में आई थी, लेकिन बाद में वह भी भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गई। मीडिया से बातचीत के दौरान नायब सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब की जनता को कई सपने दिखाए और वादे किए, लेकिन वे पूरे नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने पंजाब को और पीछे धकेल दिया है। पंजाब में कांग्रेस के शासन के दौरान जो स्थिति बनी थी, आप सरकार ने उसे और खराब कर दिया। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले खुद को बेहद ईमानदार पार्टी के रूप में पेश किया था। पंजाब की जनता को उम्मीद थी कि नई सरकार बेहतर काम करेगी, लेकिन उनके मुताबिक लोगों को निराशा हाथ लगी। किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के वादे को लेकर भी नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने पंजाब में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों से एमएसपी पर फसल खरीदने का वादा किया है, तो उसे अपना वादा पूरा करना चाहिए। हरियाणा में किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं और पंजाब में भी किसानों के हित में इसी तरह कदम उठाए जाने चाहिए।

नायब सैनी ने हरियाणा को नशामुक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य में एक टास्क फोर्स बनाई गई है और युवाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा हिस्सा लेते हैं। मैराथन, साइक्लोथॉन और राहगीरी जैसे आयोजनों के अलावा सामाजिक संगठनों, खाप पंचायतों, कमीशन एजेंट एसोसिएशन और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ भी संवाद किया जा रहा है, ताकि नशे के खिलाफ अभियान को और मजबूत किया जा सके। पटियाला के गांव हडाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कारगिल युद्ध के अमर शहीद नायक मलकीत सिंह के 26वें शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके परिवारजनों से मुलाकात कर बातचीत की।

चुनावी हार के डर से उत्तराखंड में ईडी को मैदान में उतार रही है भाजपा : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार से घबराई भाजपा अब केंद्रीय जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। प्रदेश के युवाओं की बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए ईडी को मैदान में उतारा गया है, लेकिन उत्तराखंड की जागरूक जनता इन चुनावी हथकंडों को अच्छी तरह समझती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वर्ष 2016 की ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा से जुड़े जिस मामले में अब ईडी ने कार्रवाई की है, उससे संबंधित आरोपों की जांच तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत के कार्यकाल में ही शुरू कर दी गई थी। शिकायत सामने आने पर जांच का दायरा बढ़ाते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। कांग्रेस निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के खिलाफ नहीं है, लेकिन दस वर्षों तक चुप रहने के बाद चुनाव से ठीक पहले केंद्रीय एजेंसी की सक्रियता उसके समय और राजनीतिक मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ईडी ने इस मामले में पूर्व अधिकारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के ठिकानों पर तलाशी की पुष्टि की है तथा जांच अभी जारी है। इंडियन एक्सप्रेस छात्रों की आवाज उठाने पर केंद्रित है 'छात्रों की गूंज' अभियान सांसद ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से उत्तराखंड सहित पूरे देश के युवाओं के सामने पेपर लीक, बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था की खामियों के मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और अनुभव सामने ला रही है। जब सरकार से रोजगार और पारदर्शी भर्तियों पर जवाब मांगा गया तो भाजपा ने जवाब देने के बजाय जांच एजेंसियों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श को दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास किया। राहुल गांधी का यह अभियान शिक्षा और भर्ती व्यवस्था से जुड़े युवाओं के अनुभव एकत्र कर उनकी आवाज उठाने पर केंद्रित है 'छात्रों की गूंज' अभियान अस्थायी नियुक्तियों के माध्यम से युवाओं से बहुत कम वेतन पर काम करा रही है सरकार कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा कर सत्ता में आई थी। यदि इस वादे को ईमानदारी से पूरा किया गया होता तो बारह वर्षों में करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल चुका होता और देश के लगभग प्रत्येक परिवार तक रोजगार का लाभ पहुंचता। इसके विपरीत, आज केंद्र और राज्य सरकारों में बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। नियमित भर्ती करने के बजाय ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग और अस्थायी नियुक्तियों के माध्यम से युवाओं से बहुत कम वेतन पर काम कराया जा रहा है।

अपनी संस्कृति और स्मृतियों की रक्षा करने वाला राष्ट्र कभी पराजित नहीं होताः अमित शाह

डेली आवाज भारती

मुंबई। गृह मंत्री अमित शाह मुंबई दौरे के दौरान एशियाटिक सोसायटी में आयोजित गणेश ज्ञानार्थी प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, मैं पहला गृह मंत्री हूं जो एशियाटिक सोसायटी में आया है, लेकिन मैं यहां गृह मंत्री के नाते नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को सहस्त्रों वर्षों तक आगे ले जाने के आंदोलन के एक आंदोलनकारी के रूप में आया हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एशियाटिक सोसायटी मुंबई भारतीय ज्ञान परंपरा की वाहक बनकर इसे देशभर में पहुंचाने का कार्य करेगी। जो राष्ट्र अपनी भाषा, संस्कृति, स्मृति, इतिहास, संस्कार, अभिलेख और परंपराओं की रक्षा नहीं कर सकता है, वह कितना भी शक्तिशाली हो, उसको समाप्त होने में देर नहीं लगती है। जो राष्ट्र अपनी भाषा, संस्कृति, स्मृति, इतिहास, संस्कार, भाषा, परंपराएं और व्यकारण की रक्षा करता है, वह चाहे जितने साल भी गुलाम रहे, उसको गुलाम नहीं बना सकता है, इसका भारत उदाहरण है। अनेक लोगों ने पूरे विश्व का मार्दर्शन देने वाले यहां पैदा हुए ओजस्वी ज्ञान को समाप्त करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं कर पाए। नालंदा का पुस्तकालय जला सकते हैं, लेकिन स्मृति और श्रुति से जो लोगों के चित में बसा है, उस ज्ञान को कोई समाप्त नहीं कर सकता।÷ गृह मंत्री ने आगे कहा, ÷हमारे देश का संस्कार है कि जब हम पराजित होते हैं, तब धैर्य रखकर आगे बढ़ते हैं। जब विजयी होते हैं, तो जिन पर विजय प्राप्त करते हैं, उनकी स्मृतियों को नष्ट किए बिना हमारे परंपरा में जोड़ने का प्रयास करते हैं। अमित शाह ने एशियाटिक सोसायटी में परिवर्तन लाने पर जोर देते हुए कहा, ÷सच्चा ज्ञान, कभी किसी विचारधारा का बंधक नहीं होता। ज्ञान अपने आप में एक विचारधारा है और इसको किसी प्रकार से बांधते हो तो ज्ञान के मायने बदल जाते हैं। ज्ञान मुक्त और उन्मुक्त होना चाहिए। इसलिए एशियाटिक सोसायटी में जो ज्ञान, संपदा और एकत्रिकरण का उपयोग महान भारत की रचना में करना चाहिए। एशियाटिक सोसायटी के ज्ञान का इस्तेमाल अब विश्व के कल्याण के लिए होगा। अंग्रेजों ने ज्ञान और सत्ता को एक सूत्र में बांध दिया था, लेकिन अब ज्ञान और सत्ता को अलग कर ज्ञान के आधार पर सत्ता की रचना हो और देश चले, ऐसी व्यवस्था बनाने का काम एशियाटिक सोसायटी को करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज मैं यहां बहुत कम समय के लिए बोलने आया हूं, लेकिन मैं 'इंडोलॉजी' शब्द के बारे में जरूर बात करना चाहता हूं। एशियाटिक सोसायटी को समझने के लिए 'इंडोलॉजी' शब्द को समझना भी जरूरी है।

आकाश आनंद के निष्कासन पर उदित राज बोले, बसपा को खत्म करना चाहती हैं मायावती

डेली आवाज भारती

द्वलखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती द्वारा अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद से दूसरी पार्टियों में शामिल होने की अटकलें लगने लगी हैं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद द्वारा आकाश आनंद को पार्टी में आने का ऑफर दिए जाने और डिंपल पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद, कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र और उदित राज ने प्रतिक्रिया दी। बसपा प्रमुख मायावती द्वारा बसपा मिशन के लिए अपने भाई की बेटी को चुनने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता उदित राज ने कहा, ÷मुझे लगता है कि मायावती खुद चाहती हैं कि बसपा खत्म हो जाए। इसलिए चाहे कोई बड़ा नेता हो या कोई और जब कोई गलती करता है, तो वह उस गलती से सीखता है। उन्होंने कांशी राम के सभी मिशनरी साथियों को एक-एक करके निकाल दिया। इसलिए वह बहुत असुरक्षित महसूस करती हैं और मुझे नहीं पता कि वह ऐसा क्यों कर रही हैं। दूसरी बात, यह बहुत संभव है कि यह सब भारतीय जनता पार्टी के दबाव में हो रहा हो।÷ समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने आईएनएस से बातचीत में कहा, ÷जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से आकाश आनंद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर वह शामिल होते हैं, तो पार्टी में उनका स्वागत किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि उसके दरवाजे उन सभी के लिए खुले हैं, जिन्हें अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी पार्टी की विचारधारा पर भरोसा है। जहां तक चंद्रशेखर की पार्टी में शामिल होने या छोड़ने और उनके ऑफर की बात है, तो इस पर समाजवादी पार्टी की कोई टिप्पणी नहीं है।÷

सपा सांसद डिंपल यादव ने मायावती पर पलटवार करते हुए कहा है कि समाजवादी पार्टी रंगों की नहीं, पीडीए की लड़ाई लड़ रही है। इस पर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा, ÷समाजवादी पार्टी मुद्दों की लड़ाई लड़ रही है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान और मजदूर पर जो अत्याचार हो रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है।

आकृति चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं नोएडा डीएम

हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती

डेली आवाज भारती

नोएडा। दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा आकृति चौधरी के खिलाफ एनएसए लगाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया था कि उनकी पर्सनल सैलरी से 5 लाख रुपए का मुआवजा वसूला जाए और वो मुआवजा डीयू की स्टूडेंट आकृति चौधरी को दिया जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीयू की छात्रा आकृति चौधरी की एनएसए के तहत हिरासत को गैरकानूनी बताया था। दरअसल, अप्रैल 2026 में नोएडा में हुए मजदूरों के आंदोलन के दौरान आकृति चौधरी को गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन पर एनएसए लगा दिया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन में कथित भूमिका को लेकर आकृति चौधरी पर एनएसए लगाए जाने के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। अदालत ने हिरासत के आधार को सिर्फ अनुमान पर आधारित और पर्याप्त सामग्री के अभाव वाला पाया था। कोर्ट ने कहा था कि 5 लाख रुपए का मुआवजा उनकी हिरासत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सैलरी से वसूला जाए। इसमें गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम और अन्य अधिकारी शामिल हैं।

11 हजार केवी लाइन की चपेट में आया डंपर, धू-धू कर जला, चालक ने कूदकर बचाई जान

डेली आवाज भारती

नीमराना। रीको औद्योगिक क्षेत्र शाहजहांपुर में 200 फीट सड़क पर रविवार को सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी खाली करने के लिए जैक से ऊपर उठाया गया डंपर ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आते ही डंपर में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते वह धू-धू कर जलने लगा। हादसे के दौरान डंपर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि करंट की चपेट में आने से चालक ज्याननारण झुलस गया। ठेकेदार के अनुसार चालक को हल्का करंट लगा था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जैक उठाते ही विद्युत लाइन से टकराया डंपर जानकारी के अनुसार 200 फीट सड़क की साइड में टाइल लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान डंपर से मिट्टी खाली की जा रही थी। मिट्टी उतारने के लिए जैसे ही डंपर का जैक ऊपर उठाया गया, वाहन का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। विद्युत लाइन के संपर्क में आते ही डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पहले ही डंपर पूरी तरह जलकर राख हो गया। हादसे के समय डंपर में चालक मौजूद था। विद्युत लाइन के संपर्क में आने के बाद वाहन में आग लगने पर चालक ने तत्काल डंपर से छलांग लगा दी। इससे उसकी जान बच गई, हालांकि वह करंट की चपेट में आने से झुलस गया।

विद्युत विभाग के नुकसान की होगी भरपाई

हादसे के संबंध में विद्युत विभाग के जेईएन दिनेश सिंह ने बताया कि डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हादसे के कारण विद्युत विभाग को हुए नुकसान की भरपाई भी कराई जाएगी। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। घटना के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने जारी किया 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक का शेड्यूल

डेली आवाज भारती

पंचकमल में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कार्यालय में बैठेंगे पदाधिकारी चंडीगढ़। भाजपा हरियाणा में प्रदेश संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद को और मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रदेश पदाधिकारियों की नियमित ड्यूटी निर्धारित की है। इसके तहत 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन एक प्रदेश उपाध्यक्ष अथवा मंत्री सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पंचकमल में मौजूद रहकर प्रदेशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। आज यहां जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके साथ निरंतर संवाद भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों, मंडलों और बूथों से कार्यकर्ता प्रतिदिन अपनी बात, सुझाव और संगठन से जुड़े विषय लेकर प्रदेश कार्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में पदाधिकारियों की नियमित उपलब्धता से उनकी बात सीधे प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाने और संबंधित विषयों पर समन्वय स्थापित करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर से मिलने वाले फीडबैक को संगठन की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना है। कार्यकर्ताओं से प्राप्त सुझावों और स्थानीय विषयों के माध्यम से संगठन को क्षेत्र की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती है, जिससे आवश्यक विषयों पर समयबद्ध तरीके से समन्वय किया जा सके। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता की बात भी संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। संवाद की यह नियमित व्यवस्था कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का सहज माध्यम उपलब्ध कराएगी और प्रदेश नेतृत्व तथा संगठन की विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय को और प्रभावी बनाएगी।

कैलाश मानसरोवर यात्रा के 77 प्रतिभागी और 3 स्वयंसेवक अब भी लापता, नेपाली अधिकारियों के संपर्क में ईशा फाउंडेशन

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। ईशा फाउंडेशन ने नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई अचानक बाढ़ के बाद की स्थिति को लेकर नया अपडेट जारी किया है। ईशा सेक्रेड वॉक्स की कोऑर्डिनेटर मां गंभीरी ने बताया कि बाढ़ के बाद क्या हालात हैं और ईशा के स्वयंसेवक कैसे हरसंभव मदद पहुंचा रहे हैं। फाउंडेशन ने बताया कि नेपाल-तिब्बत सीमा पर अचानक आई बाढ़ को दो हफ्ते बीत चुके हैं। इस दुखद आपदा से प्रभावित परिवारों और नेपाल के व्यापक समुदायों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं, जो अभी भी इस तबाही के परिणामों का सामना कर रहे हैं। इस समय उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता प्रभावित परिवारों की मदद करना है। जैसे ही उन्हें कोई सत्यापित जानकारी मिलेगी, वे परिवारों के साथ साझा करेंगे।

ईशा फाउंडेशन चीनी, भारतीय और नेपाली अधिकारियों के साथ-साथ भारत, नेपाल और चीन में 19 देशों के संबंधित दूतावासों के साथ नियमित संपर्क में है। उनकी टीमें इन चैनलों के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों के बारे में जानकारी लेने, आधिकारिक प्रक्रियाओं और अगले कदमों को समझने और यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से फॉलो-अप कर रही हैं कि सरकारी और कांसुलर चैनलों के माध्यम से प्राप्त जानकारी प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जाए।

जहां जरूरी था, वहां पहचान विवरण, फोटो और अन्य प्रासंगिक जानकारी अधिकारियों और सर्च-एंड-रेस्क्यू टीमों के साथ साझा की गई है ताकि पहचान और खोज प्रयासों में मदद मिल सके।

ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवक अमेरिकी विदेश विभाग और ग्लोबल

अफेयर्स कनाडा जैसी सरकारी एजेंसियों के संपर्क में भी रहे हैं, जिनकी चीनी सरकार से अपडेट प्राप्त करने में मदद मिली है। जहां उन्हें पता चला कि चीनी अधिकारियों ने एक राष्ट्रीयता वाले परिवारों को किसी प्रक्रिया के बारे में बताया है, वहां उन्होंने वह जानकारी अन्य सरकारों के साथ साझा की है ताकि वे अपने नागरिकों के लिए भी वही जानकारी मांग सकें। कोई भी नई जानकारी जो उचित रूप से साझा की जा सकती है, वह पहले प्रभावित परिवारों को दी जाएगी और जहां कानूनी, नैतिक और उचित होगा, वहां सार्वजनिक की जाएगी। फाउंडेशन प्रभावित परिवारों और स्वयंसेवकों की गुमनामी और निजता की रक्षा करना चाहता है, इसलिए वह किसी भी सार्वजनिक मंच या मीडिया आउटलेट पर प्रभावित लोगों के नाम, चित्र या व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं करेगा।

फाउंडेशन ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के 77 प्रतिभागी और 3 स्वयंसेवक अभी भी लापता हैं। यह संख्या उनके पिछले अपडेट के बाद से नहीं बदली है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि साइट पर पहचान का काम जारी है और परिस्थितियों को देखते हुए इसमें काफी समय लग सकता है। ईशा फाउंडेशन इस प्रक्रिया में हर संभव तरीके से मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और अधिकारियों द्वारा मांगी गई किसी भी तरह से सहयोग करेगी।

नेपाल-तिब्बत सीमा पर चीनी तरफ ग्यिरोंग पोर्ट पर साइट तक पहुंच फोरेंसिक और बचाव उद्देश्यों के लिए चीनी अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित है और नेपाल तरफ पहुंच नेपाली अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित है। किसी भी निजी व्यक्ति या संगठन को साइट के पास जाने की अनुमति नहीं दी गई है। ईशा के स्वयंसेवक राहत प्रयासों पर अपडेट प्राप्त करने के लिए ग्यिरोंग टाउन में तैनात थे, जब तक कि चीनी अधिकारियों ने सभी गैर-आधिकारिक कर्मियों को क्षेत्र छोड़ने के लिए नहीं कहा। जैसे ही नई पहुंच की अनुमति के बारे में पता चलेगा, वे अपडेट देंगे।

नेपाल में जमीनी प्रयासों का समर्थन करने के लिए लगभग 25 नेपाली स्वयंसेवकों की एक टीम तैनात की गई है।

श्री अमृतसर साहिब से न्यूयॉर्क तक पहुंची 450 साल पुरानी विरासत की गूंज

अमेरिकी नेताओं के सामने गूंजा 'अमृतसर-450', गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने विरासत को भविष्य की सोच से जोड़ा

डेली आवाज भारती

- **गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र और ब्रांड एंबेसडर एडवोकेट जसप्रीत सिंह ने अमेरिकी नेताओं से साझा की अमृतसर-450 की योजना**
- **जहां पहुंचा अमृतसर-450 का संदेश, वहां गूंजा गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का नाम**

अमृतसर। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का नाम अब अमेरिका के महत्वपूर्ण राजनीतिक मंचों तक भी पहुंच रहा है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र और ब्रांड एंबेसडर एडवोकेट स. जसप्रीत सिंह ने न्यूयॉर्क में प्रमुख अमेरिकी राजनीतिक नेताओं से मुलाकात के दौरान यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक, शोध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा रही पहलों की जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को बड़े स्तर पर मनाने के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से की जा रही पहल 'अमृतसर-450' के बारे में भी विस्तार से बताया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हकीम जेफ्रीज की ओर से आयोजित डिनर में एडवोकेट जसप्रीत सिंह ने उनसे विशेष बातचीत की। उन्होंने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों के साथ-साथ अमृतसर की 450वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए प्रस्तावित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'अमृतसर-450' के तहत दुनिया भर के विद्वानों, शिक्षण संस्थानों, सामुदायिक नेताओं तथा पंजाबी और सिख डायस्पोरा को एक साझा मंच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अमृतसर की समृद्ध विरासत को याद करने के साथ-साथ शहर के भविष्य के लिए दूरदर्शी दिशा तय करना है। डिनर के दौरान एडवोकेट जसप्रीत सिंह को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और कांग्रेस सदस्य जोश गॉटहाइमर से भी बातचीत का अवसर मिला। इस दौरान सिख समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों, इमिग्रेशन और ट्रक ड्राइवरों के सामने आ रही चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। उप-कुलपति ने प्रयास की सराहना की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने एडवोकेट जसप्रीत सिंह की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सिटी और 'अमृतसर-450' का संदेश पहुंचाने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में रहने वाला पंजाबी और सिख समुदाय 'अमृतसर-450' का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। उप-कुलपति ने कहा कि अमृतसर केवल यहां रहने वाले लोगों का शहर नहीं है, बल्कि इसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। 'अमृतसर-450' के माध्यम से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी शहर की विशिष्ट विरासत को शोध, संवाद, सेवा और 'सरबत का भला' की भावना से जोड़ते हुए भविष्य की दिशा तय करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संवाद से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। साथ ही सालभर चलने वाली 'अमृतसर-450' मुहिम में दुनिया भर के पंजाबी और सिख समुदाय की भागीदारी भी बढ़ेगी।

सैकड़ों केंद्रों में एक साथ जागी अंतर्मन की चेतना, हजारों साधकों ने अनुभव की आध्यात्मिक शांति

परम पूजनीय आनंदमूर्ति गुरुमाँ की प्रेरणा से तीन वर्षों से निरंतर जारी है विश्वव्यापी योग निद्रा साधना

डेली आवाज भारती

बटाला, अमनदीप संधू। परम पूजनीय आनंदमूर्ति गुरुमाँ की प्रेरणा एवं पावन मार्गदर्शन में पिछले तीन वर्षों से निरंतर चल रही विश्वव्यापी योग निद्रा साधना के अंतर्गत 13 सितंबर को देश-विदेश के सैकड़ों गुरुमाँ ध्यान केंद्रों में एक साथ विशेष योग निद्रा अभ्यास करवाया गया। इस आध्यात्मिक साधना में हजारों साधकों ने श्रद्धा एवं एकाग्रता के साथ भाग लिया और गहन शांति, सजगता एवं आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य भौतिक सुविधाओं के बावजूद मानसिक तनाव और आंतरिक बेचैनी से जूझ रहा है। ऐसे समय में योग निद्रा उसे बाहरी संसार के शोर से कुछ समय दूर होकर अपने भीतर झांकने और अंतर्मन से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। यह केवल शारीरिक विश्राम की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मन को शांत कर चेतना को जागृत करने वाली एक गहन आध्यात्मिक साधना है। देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों में स्थित सैकड़ों केंद्रों का एक ही समय पर इस साधना से जुड़ना आध्यात्मिक एकता का अद्भुत स्वरूप बना। अलग-अलग स्थानों पर बैठे साधकों ने एक साथ अंतर्मुखी यात्रा करते हुए शांति, सजगता और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। पिछले तीन वर्षों में योग निद्रा का यह विश्वव्यापी अभियान निरंतर विस्तार प्राप्त कर रहा है। गुरुमाँ की प्रेरणा से अनेक साधक दैनिक जीवन की व्यस्तताओं से ऊपर उठकर अपने भीतर विद्यमान शांति और चेतना को अनुभव करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस पावन साधना का संदेश यही है कि वास्तविक शांति बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन में निहित है। 13 सितंबर का यह सामूहिक योग निद्रा अभ्यास आध्यात्मिक जागरण की इस यात्रा की एक और महत्वपूर्ण कड़ी बना। एक दिन, सैकड़ों केंद्र और हजारों साधक–लेकिन साधना का उद्देश्य एक ही रहा– अंतर्मन की चेतना को जागृत करना और जीवन में शांति का प्रकाश फैलाना।

16 और 17 सितंबर को अमृतसर में 'हमारे राम' नाटक का मंचन किया जाएगा : विधायक डॉ. अजय गुप्ता

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दशमेश ऑडिटोरियम में होगा 'हमारे राम' नाटक का मंचन

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) ङ्क समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा पूरे राज्य में ÷हमारे राम÷ नाटक का व्यापक मंचन किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत 16 और 17 सितंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दशमेश ऑडिटोरियम में 'हमारे राम' का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के एक दिन में दो शो होंगे। स संबंधी आज जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए विधानसभा हलका अमृतसर केंद्रीय के विधायक डॉ. अजय गुप्ता और सनातन सेवा समिति के माझा जोन के इंचार्ज श्री प्रणव धवन ने बताया कि पंजाब सरकार राज्य के 12 शहरों में 'हमारे राम' नाटक की 41 प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के ऐतिहासिक महाकाव्य द्वारा सनातन के संदेश को लोगों तक पहुंचा रही है। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि 16 और 17 सितंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दशमेश ऑडिटोरियम में 'हमारे राम' नाटक का मंचन किया जाएगा और दोनों दिनों के दौरान कुल चार शो होंगे। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को पहला शो दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक होगा, जबकि दूसरा शो शाम 6ः30 बजे से रात 10ः00 बजे तक होगा। इसी प्रकार 17 सितंबर को भी पहला शो दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक और दूसरा शो शाम 6ः30 बजे से रात 10ः00 बजे तक होगा। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि ये शो पूरी तरह निःशुल्क होंगे और एक शो में 750 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि शो में प्रवेश पास के माध्यम से होगा और ये पास 'बुक माय शो' ऐप के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 'हमारे राम' नाटक के पास पर्यटन विभाग अमृतसर, डिप्टी कमिश्नर कार्यालय अथवा सनातन सेवा समिति से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अमृतसरवासियों से अपील की कि वे 16 और 17 सितंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दशमेश ऑडिटोरियम में होने वाले 'हमारे राम' नाटक को देखने के लिए अपना नाम अवश्य रजिस्टर करवाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा हर धर्म का सम्मान करते हुए सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

किसान मजदूर मोर्चा पंजाब के 8 कैबिनेट मंत्रियों के घरों के सामने पक्के विरोध प्रदर्शन करेगाः सरवन सिंह पंढेर

पांच फसलों पर स्स्क्कखरीद की कानूनी गारंटी और किसानों-मजदूरों की कर्ज माफी की मांग

डेली आवाज भारती

अमृतसर.(सलोनी नेहा गिल) किसान मजदूर मोर्चा (चरूरू) के सीनियर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने पंजाब सरकार के खिलाफ नए आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि पंजाब के करीब 8 कैबिनेट मंत्रियों के घरों के सामने किसान मजदूर मोर्चे शुरू किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि इनमें माझा इलाके से दो, दोआबा से दो और मालवा इलाके से चार शामिल हैं. पंधेर ने कहा कि वह अभी न्यू अमृतसर में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह श्वञ्जह्र के घर के बाहर मौजूद हैं, जहाँ ज़मीन की सफ़ाई की जा रही है और विरोध प्रदर्शन के लिए दूसरी तैयारियाँ की जा रही हैं। पंधेर ने कहा कि किसान मज़दूर मोर्चा की मुख्य माँगों में पंजाब सरकार द्वारा पाँच फसलों पर स्स्क्की खरीद की कानूनी गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मुख्य रूप से गेहूँ और धान खरीदती है, जबकि किसानों को दूसरी फसलों की खरीद में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने माँग की कि फसलों की कीमतें ष्ट2+50 परसेंट फ़ॉर्मूले के हिसाब से तय की जाएँ और पंजाब सरकार खरीद की कानूनी गारंटी पक्का करे। किसान नेता ने किसानों और खेत मज़दूरों के लिए कर्ज़ में राहत की भी माँग की। उन्होंने कहा कि कर्ज़ के कारण आत्महत्या करने वाले किसानों और खेत मज़दूरों के परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवज़ा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। उन्होंने किसानों के ज़मीन और प्रॉपर्टी के अधिकारों को मज़बूत करने की भी माँग की। सरवन सिंह पंधेर ने नई लैंड पूलिंग पॉलिसी को वापस लेने की माँग की और कहा कि शंभू-खनौरी आंदोलन के दौरान हुए नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए। आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए, जबकि घायलों को उचित मुआवजा और इलाज की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब और दिल्ली में किसान आंदोलनों के दौरान किसानों पर पुलिस, रेलवे और पराली जलाने से जुड़े दर्ज केस वापस लिए जाने चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने मांग की कि पंजाब के नदियों के पानी का मामला रिपेरियन सिद्धांत के अनुसार हल किया जाए और बारिश के पानी को ज़मीन के नीचे रिचार्ज करने के लिए कोई ठोस पॉलिसी बनाई जाए। पंढेर ने पंजाब में बढ़ते ड्रग्स संकट पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की वजह से बड़ी संख्या में युवा प्रभावित हुए हैं। ऐसे युवाओं का पुनर्वास करके उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाया जाना चाहिए और उनके लिए रोज़गार का इंतज़ाम किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट एक्ट, सीड एक्ट और कोऑपरेटिव संस्थाओं के सेंट्रलाइज़ेशन जैसे मुद्दों पर पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पास किए जाएं और उनका विरोध किया। पंढेर ने लोगों से किसान मजदूर मोर्चा को सपोर्ट करने की अपील की और कहा कि मोर्चों के लिए गांवों से राशन, दूध और दूसरी ज़रूरी चीज़ें इकट्ठा करने की भी तैयारी की जा रही है। उन्होंने अमृतसर के लोगों को उनके पहले के सपोर्ट के लिए धन्यवाद भी दिया।

अस्मिता खेलो इंडिया रग्बी सिटी टूर्नामेंट में अमृतसर की खिलाड़ियों ने दिखाए खेल के जौहर

डेली आवाज भारती

अमृतसर। रग्बी इंडिया के दिशा-निर्देशों के तहत तथा रग्बी एसोसिएशन ऑफ पंजाब के सहयोग से रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ अमृतसर द्वारा शनिवार को सीनियर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल फॉर मेरिटोरियस स्टूडेंट्स, अमृतसर में अस्मिता खेलो इंडिया रग्बी महिला टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों से लगभग 250 महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रग्बी खेल में अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रग्बी एसोसिएशन ऑफ पंजाब के सचिव परविंदर कुमार ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया कार्यक्रम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल है। इसके माध्यम से देश की महिला खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के अवसर प्रदान कर उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रिंसिपल सवजीत कौर ने किया उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने और मेहनत व अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अंडर-15 वर्ग में सेंट मैरी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गोल्डन पंजाब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरु नानक स्कूल और अजीत विद्यालय तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-18 वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दशमेश नगर ने प्रथम, स्प्रिंग बस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल फॉर मेरिटोरियस स्टूडेंट्स और गुरु नानक स्कूल संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में अमृतसर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। खालसा कॉलेज फॉर वूमेन ने द्वितीय तथा जीएनडीयू और बीबीके डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल कैप्टन संजीव कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पंजाब विश्वविद्यालय ने पंजाब और सिख इतिहास को अपने पाठ्यक्रम से हटा दिया है - अधिवक्ता धामी

डेली आवाज भारती

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा इतिहास में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम से पंजाब और सिख इतिहास से संबंधित चार महत्वपूर्ण विषयों को हटाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। अधिवक्ता धामी ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय जैसे संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम से पंजाब के इतिहास को हटाना अत्यंत चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

अधिवक्ता धामी ने कहा कि पंजाब का इतिहास किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के संपूर्ण इतिहास का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है। पंजाब की भूमि ने गुरुओं के महान जीवन-सम्मोहन, खालसा पंथ की स्थापना, सिख संघर्ष, सिख राज्य और कई अन्य ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से भारतीय इतिहास की दिशा को प्रभावित किया है। एम.ए. स्तर पर इस तरह के इतिहास को पाठ्यक्रम से हटाना छात्रों को उनकी विरासत और ऐतिहासिक चेतना से वंचित करने के समान है।

अधिवक्ता धामी ने कहा कि विश्वविद्यालयों का काम केवल नए विषयों को शामिल करना ही नहीं है, बल्कि तथ्यों और शोध के आधार पर ऐतिहासिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना भी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय का पंजाब के इतिहास, भाषा, संस्कृति और विरासत से गहरा ऐतिहासिक संबंध है। इसलिए, विश्वविद्यालय प्रशासन का यह दायित्व है कि वह इस विरासत को पाठ्यक्रम में उचित स्थान दे।

एसजीपीसी अध्यक्ष ने पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति और संबंधित शैक्षणिक अधिकारियों से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पंजाब और सिख इतिहास से संबंधित विषयों को एम.ए. इतिहास के पाठ्यक्रम में पहले की तरह ही शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे पंजाब की ऐतिहासिक विरासत और सिख इतिहास के शैक्षणिक महत्व में कमी आए।

खेलां वतन पंजाब दियां' से भवानीगढ़ के मैदानों में चढ़ा खेलों का रंग; दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

घराचों और पन्नवां के खेल मैदानों में फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और कबड्डी के मुकाबलों ने बांधा रंगः नवदीप सिंह

- **हर आयु वर्ग की बढ़ती भागीदारी पंजाब में मजबूत हो रही खेल संस्कृति की तस्वीरः जिला खेल अधिकारी**

डेली आवाज भारती

भवानीगढ़/संगरूर, खेल विभाग पंजाब की ओर से राज्य की युवा पीढ़ी को खेल मैदानों से जोड़ने के लिए करवाए जा रहे 'खेलां वतन पंजाब दियां-2026' सीजन-4 के तहत ब्लॉक भवानीगढ़ के मुकाबलों के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों का जोश चरम पर रहा। विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, फुर्ती और टीम भावना के साथ मैदानों में शानदार प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि एथलेटिक्स, खो-खो, फुटबॉल और वॉलीबॉल के ब्लॉक स्तरीय मुकाबले श्री गुरु तेग बहादुर स्टेडियम, घराचों में, जबकि कबड्डी नेशनल स्टाइल और कबड्डी सर्कल स्टाइल के मुकाबले बैरागी बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम, पन्नवां में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष क्रिकेट को भी खेलों में शामिल किया गया है और इसके मुकाबले भी करवाए जा रहे हैं। परिणामों के बारे में उन्होंने बताया कि फुटबॉल के 21 से 30 वर्ष लड़कों के वर्ग में गांव घराचों की टीम ने बखोपीर की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स के 200 मीटर दौड़ मुकाबले में अरविंदर सिंह ने पहला और जशनदीप सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह अंडर-17 लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में खुशवीर कौर पहले और गुरनूर कौर दूसरे स्थान पर रही। वॉलीबॉल अंडर-21 लड़कों के मुकाबले में गांव घराचों की टीम ने गांव झनेड़ी की टीम को हराकर जीत दर्ज की। इसी तरह 21 से 30 वर्ष लड़कों के वर्ग में शहीद बाबा दीप सिंह क्लब घराचों की टीम ने श्री गुरु तेग बहादुर स्टेडियम घराचों की टीम को हराकर जीत हासिल की। नवदीप सिंह ने कहा कि खेल मैदानों में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों की उत्साहपूर्वक भागीदारी खेलों को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा को और निखारने के लिए प्रेरित किया।